JOTI JOURNAL

(BI-MONTHLY)

AUGUST 2018

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

TRAINING COMMITTEE
MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

1.	**Hon'ble Shri Justice Hemant Gupta**	Chief Justice & Patron
2.	**Hon'ble Shri Justice R.S. Jha**	Judge Incharge, Judicial Education
3.	**Hon'ble Shri Justice Rohit Arya**	Member
4.	**Hon'ble Smt. Justice Nandita Dubey**	Member
5.	**Hon'ble Shri Justice Rajeev Kumar Dubey**	Member
6.	**Hon'ble Shri Justice Subodh Abhyankar**	Member

●

FOUNDER OF THE INSTITUTE AND JOTI JOURNAL
Hon'ble Shri Justice U.L. Bhat
Former Chief Justice,
High Court of M.P., Jabalpur

●

ASSOCIATE EDITOR
Sudeep Kumar Shrivastava
Additional Director

EDITOR
Sanjeev Kalgaonkar
Director

JOTI JOURNAL AUGUST – 2018

SUBJECT– INDEX

TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

PART–II-A
(GUIDELINES)

PART–IV
(IMPORTANT CENTRAL/STATE ACTS & AMENDMENTS)

FROM EDITOR'S DESK

Sanjeev Kalgaonkar
Director

Respected Judges

Needless to say, justice to the victim or survivor of sexual violence should be provided at the earliest without undue delay but sometimes, pressure created by media and society may lead to undue haste and in turn miscarriage of justice.

Section 309 of Cr.P.C. mandates that the proceeding in a trial shall be continued from day to day until all the **witnesses in attendance** have been examined but it would be an extreme proposition that all the prosecution witnesses are to be called and examined in a single day or a couple of days. In a trial involving grave penalties, the trial Courts are expected to be vigilant against defence tactics of portraying the trial and using interregnum to win over the witnesses but it would be an overreaction on the part of Court to have the entire prosecution evidence in the shortest span of time.

In cases where the accused is facing charges that are punishable with death sentence and particularly, where they are represented by legal aid counsel, the trial Court must exercise some caution as well as patience to ensure that the legal aid counsel has sufficient time to prepare for the cross-examination after discussion with the accused. The trial Court cannot be oblivious of ground realities. The counsel may have to consult the accused for preparation of defence and putting specific questions to the witnesses, that may require some time and privacy which is not expected in the charged atmosphere of courtroom in the presence of the witness or the Judge.

A balance need to be struck between timely justice and fair justice, for "the justice should not only be done but also seems to be done."

This issue comprises of latest judgments on various nuances of law enunciated by the Supreme Court and the High Courts. Let us have a glimpse of the latest trend of law laid down in various judgments.

In case of ***Mohan Lal v. State of Punjab,*** the Apex Court reiterated that fair investigation necessarily postulates that the informant and the investigator must not be the same person.

Dealing with inalienable right of bail under section 437 (6) of Cr.P.C., the High Court of Madhya Pradesh in the case of ***Pramod Kumar Vishwakarma*** laid down that grant of bail on expiry of sixty days from the first date fixed for taking evidence is a norm. Application for such bail can be dismissed only on existence of compelling reasons. The High Court laid down persuasive guidelines for the Magistrates to take into consideration while deciding application u/s 437 (6) of Cr.P.C.

In case of ***Shyam Narayan Prasad***, the Apex Court held that property acquired by partition of ancestral property retains the character of ancestral property as regards coparceners of the person acquiring share on partition.

In case of ***Rishabh Saxena***, the High Court of Madhya Pradesh, distinguishing the rape with consensual sex, held that mere failure to keep promise of marriage cannot be inferred as false promise to marry.

In case of ***Amrit Paul Singh***, the Supreme Court held that absence of valid permit to use vehicle is a fundamental breach absolving insurance company from liability. It was also held that absence of permit cannot be equated with absence of licence or fake licence or violation as to number of passengers.

Explaining the meaning of the phrase "arising out of the use of motor vehicle", the Supreme Court in the case of ***Kalim Khan*** laid down the principle that casual relationship should exist between violation and the accident caused. Appreciation of causal relation is a question of fact to be decided on the basis of material brought on record.

In case of ***Suresh Kumar Kohli***, the Apex Court discussed the incidents of joint tenancy and tenancy in common. It was held that upon death of original tenant, the legal heirs inherit the tenancy as joint tenants. The landlord may implead either of the joint tenants and all joint tenants are bound by the order of the Court.

The Academy in the past two months has conducted First Phase Induction Course for the Second Batch of newly appointed Civil Judges Class II of 2018 Batch, Foundation/Orientation Course for the District Judges Entry Level directly appointed from Bar as well as promoted in the year 2018, Regional Workshops on Negotiable Instruments Act for Judicial Magistrates at Dewas, Motor Accident Claim Cases for the Judges of HJS at Satna and on Family Laws for Principal & Additional Principal Judges of Family Courts as well as Judges dealing with matrimonial cases at Ratlam.

In addition to the above programmes, the Academy also conducted Specialized Educational Programmes at Medico-Legal Institute, Bhopal and Forensic Science Laboratory, Sagar for the newly appointed/promoted Judges of HJS cadre.

Apart that, the Academy also conducted Educational Programme for Advocates at Gwalior.

I sincerely hope that the content of this issue will enlighten and guide the readers in discharge of their duties. Your valuable contributions and response are always welcome.

Keep blessing our pursuit for judicial excellence.

•

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Workshop on - Training of Trainers
(22.05.2018 to 26.05.2018)

Regional Conference on – Motor Accident Claim Cases
(28th & 29th July, 2018 at Satna)

APPOINTMENT OF ADDITIONAL JUDGES IN HIGH COURT OF MADHYA PRADESH

Hon'ble Shri Justice Sanjay Dwivedi, Hon'ble Shri Justice Akhil Kumar Shrivastava, Hon'ble Shri Justice Brij Kishore Shrivastava, Hon'ble Shri Justice Rajendra Kumar Shrivastava and Hon'ble Shri Justice Mohammad Fahim Anwar have been administered oath of office by Hon'ble Shri Justice Hemant Gupta, Chief Justice, High Court of Madhya Pradesh on 19th June, 2018 as Judges of High Court of Madhya Pradesh in a Swearing-in-Ceremony held in the Conference Hall of South Block of High Court of M.P. at Jabalpur.

Hon'ble Shri Justice Sanjay Dwivedi was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh. Was born on 1st July, 1963 at Bilaspur (Chhattisgarh). Father Shri B.M. Dwivedi is a practicing lawyer in the High Court. After obtaining degrees of B.Com. and LL.B., enrolled as an Advocate on 10.07.1989 and joined the chamber of Shri Deepak Verma, who later on was appointed as Hon'ble Judge of High Court and then as Hon'ble Judge of Supreme Court. Also worked with a renowned Senior Advocate Shri N.S. Kale. Completed 27 years of active practice in the High Court of Madhya Pradesh in civil, criminal, constitutional etc. matters. Was appointed as Deputy Advocate General in the year 2009 and continued on the same post till elevation.

Hon'ble Shri Justice Akhil Kumar Shrivastava was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh. Was born on 5th August, 1959 in Bansgaon District Gorakhpur (U.P.). After obtaining degrees of B.A. and LL.B., joined Madhya Pradesh Judicial Services as Civil Judge Class II in the year 1985. Promoted to Higher Judicial Services as Additional District & Sessions Judge on 31.05.2017.

Worked in different capacities at various places like Panna, Bhopal, Chhatarpur, Laundi, Satni, Jabalpur, Narsinghpur, Sihora, Khandwa, Rewa, Katni and Sagar. Also held the posts of Deputy Secretary, Additional Legal Remembrancer & Additional Secretary and Secretary, Law and Legislative Affairs Department, Bhopal and Law Officer, State Economic Offences Investigation Bureau. Worked as District & Sessions Judge at Narsinghpur. Was Principal Registrar (ILR and Examination) at Principal Seat, Jabalpur from 04.04.2013 till elevation.

Hon'ble Shri Justice Brij Kishore Shrivastava, was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh. Was born on 1st July, 1959. After obtaining degrees of B.Sc. and LL.B., joined Madhya Pradesh Judicial Services as Civil Judge Class II on 07.11.1985. Promoted to Higher Judicial Services as Additional District & Sessions Judge on 16.05.1997.

Worked in different capacities at various places like Gwalior, Vidisha, Bhind, Gohad, Susner, Jora, Ashoknagar, Seoni, Jabalpur, Datia and Lakhnadaon. Also, held the posts of OSD and Registrar (Judicial) in the High Court from 2006 to 2010. Held the post of President, District Consumer Forum, Chhatarpur from 2010 to 2012. Also worked as District & Sessions Judge, Damoh and Shivpuri. Was District & Sessions Judge, Ujjain from 25.10.2016 till elevation.

Hon'ble Shri Justice Rajendra Kumar Shrivastava, was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh. Was born on 1st January, 1960. After obtaining degrees of B.A. and LL.B., joined Madhya Pradesh Judicial Services as Civil Judge Class II on 30.01.1986. Promoted to Higher Judicial Services as Additional District & Sessions Judge on 26.05.1997.

Worked in different capacities at various places like Narsinghpur, Seoni, Burhar, Bhikangaon, Chhindwara, Maihar, Sagar, Raipur, Manawar, Seoni, Chhatarpur. Also held The post of Additional Principal Judge, Family Court, Gwalior. Was District & Sessions Judge, Raisen and Rewa. Was District & Sessions Judge, Chhatarpur from 25.03.2017 till elevation.

Hon'ble Shri Justice Mohammad Fahim Anwar, was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh. Was born on 5th April, 1959 in Sehore. After obtaining degrees of M.Sc. and LL.B., joined Madhya Pradesh Judicial Services as Civil Judge Class II on 06.11.1985. Promoted to Higher Judicial Services as Additional District & Sessions Judge on 05.11.1997.

Held various posts in different capacities in the State of Madhya Pradesh at Sehore, Betul, Bhainsdehi, Khachraud, Bhopal, Jora, Gadarwara, Narsinghpur, Mandsaur, Khurai and Gwalior. Also held the post of President, District Consumer Forum, Rewa, Deputy Commissioner, Additional Commissioner and Registrar, Bhopal Gas (Victims), Bhopal, for adjudicating the compensation claim cases etc. Also worked as District & Sessions Judge, Hoshangabad. Was Registrar General, High Court of Madhya Pradesh from 01.04.2017 till elevation.

We on behalf of JOTI Journal wish Their Lordships a very happy and successful tenure.

•

Learning is the beginning of wealth. Learning is the beginning of health. Learning is the beginning of spirituality. Searching and learning is where the miracle process all begins.

JIM ROHN

HON'BLE SHRI JUSTICE S. K. GANGELE AND
HON'BLE SHRI JUSTICE HOUSLA PRASAD SINGH DEMIT OFFICE

Hon'ble Shri Justice S.K. Gangele demitted office on His Lordship's attaining superannuation.

Hon'ble Shri Justice S.K. Gangele was born on July 26, 1956. Obtained degrees of B.Sc. from Maharaja College, Chhatarpur and LL.B. from Motilal Nehru Law College, Chhatarpur. Was enrolled as an Advocate on 31st October, 1980 and started practice in the District Court, Chhatarpur. Later on, in the year 1986 joined the office of senior Advocate Late Shri Y.S. Dharmadhikari and started practice in High Court at Jabalpur. Was Additional Standing Counsel for Union of India and Standing Counsel for Insurance Companies and other organizations. Practised mainly on Civil and Constitutional sides in the Principal Seat of High Court of Madhya Pradesh at Jabalpur.

Took oath as Permanent Judge, High Court of Madhya Pradesh on 11.10.2004.

•

Hon'ble Shri Justice Housla Prasad Singh demitted office on His Lordship's attaining superannuation.

Hon'ble Shri Justice Housla Prasad Singh was born on July 1, 1956 at village Aschaura, District Ballia, Uttar Pradesh. After obtaining degrees of B.Sc. from DBS College, Kanpur and LL.B. from Rani Durgavati Vishwavidhyalaya, Jabalpur in the year 1979, enrolled as an Advocate in the State Bar Council of M.P. in the year 1979 and joined the Chamber of Senior Civil Advocate Late Shri N.K. Patel. Practised mainly in civil and criminal streams. Joined M.P. State Judicial Services as Civil Judge Class II on 7th March, 1983 and promoted to Higher Judicial Services in June, 1996. Granted Selection Grade Scale on 01.01.2003 and Super Time Scale on 15.03.2012.

Worked in different capacities at Seoni, Sagar, Banda, Niwas, Sihora, Jabalpur, Damoh, Raipur (now Chhattisgarh), Satna, Umariya and Gwalior. Held, the post of Chairman, District Consumer Redressal Forum, Jabalpur. Was posted as first District & Sessions Judge of the newly constituted District Court at Umariya in the year, 2009 and thereafter, at Sagar in the year 2013. Held different posts in Madhya Pradesh Judges' Association and played active role for the welfare of Judicial Officers.

Attended many Conferences, Workshops, Seminars and training programmes. Is a good speaker and has delivered lectures on varied subjects. Was Chairman, State Transport Appellate Tribunal, M.P., Gwalior prior to elevation.

Took oath as Additional Judge, High Court of Madhya Pradesh on 07.04.2016 and as Permanent Judge on 17.03.2017.

We on behalf of JOTI Journal, wish Their Lordships a healthy, happy and prosperous life.

•

"The crown and glory of life is character. It is the noblest possession of a man, constituting a rank in itself, and an estate in the general good-will; dignifying every station, and exalting every position in society. It exercises a greater power than wealth, and secures all the honor without the jealousies of fame. It carries with it an influence which always tell; for it is the result of proved honor, rectitude, and consistency-qualities which, perhaps more than any other, command the general confidence and respect of mankind."

SAMUEL SMILES

PART–I

मोटर यान अधिनियम, 1988 की संशोधित द्वितीय अनुसूची अनुसार संरचना सूत्र के आधार पर प्रतिकर के संदाय हेतु विशेष उपबंध

सुदीप कुमार श्रीवास्तव,

अतिरिक्त संचालक,

म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

दिनांक **14.11.1994** से प्रभावी मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, **1994 (**सन् **1994** के अधिनियम क्रमांक **54)** द्वारा मोटर दुर्घटनाओं में मृत अथवा स्थायी रूप से निःशक्त होने वाले व्यक्ति के यथास्थिति विधिक वारिसों या आहत् को दावा की लंबी कार्यवाही से बचाने एवं दावा के शीघ्र निराकरण के प्रयोजन से मोटर यान अधिनियम, **1988** में धारा **163**ए एवं द्वितीय अनुसूची समाविष्ट कर "संरचना सूत्र के आधार पर प्रतिकर के संदाय बावत् विशेष उपबंध" किये गये थे। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु वाहन स्वामी की उपेक्षा साबित करने तथा विभिन्न शीर्षों में अलग-अलग क्षति साबित करने के भार से दावेदार को मुक्ति प्रदान कर द्वितीय अनुसूची में वर्णित संरचना सूत्र द्वारा प्रतिकर निर्धारण की प्रक्रिया सरल बनाई गई।

सरला वर्मा विरुद्ध देल्ही ट्रांन्सपोर्ट कारर्पोरेशन, एआईआर **2009** एससी **3104,** अरुण कुमार अग्रवाल विरुद्ध नेशनल इश्योरेंन्स् कारर्पोरेशन लि., एआईआर **2010** एससी **3426** व अन्य न्याय दृष्टांतों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने द्वितीय अनुसूची की कई विसंगतियों और कमियों की ओर ध्यान आकर्षित कराने के साथ-साथ ही जीवन निर्वाह लागत को ध्यान में रखते हुये द्वितीय अनुसूची में संशोधन किये जाने के सुझाव दिये थे। अधिनियम की धारा **163**ए की उपधारा **3** में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुये भारत के राजपत्र दिनांक **22** मई **2018** में प्रकाशित केन्द्रीय सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना क्रमांक - का आ. **2022(**अ), द्वारा मोटर यान अधिनियम, **1988** की दूसरी अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित की गई है, जो इस प्रकार है:-

दूसरी अनुसूची

(धारा **163**-क देखिये)

तीसरा पक्षकार घातक दुर्घटना/क्षति के मामलों में दावों हेतु प्रतिकर की अनुसूची

1. (क) घातक दुर्घटनाएँ:

मृत्यु के मामले में देय प्रतिकर पाँच लाख रूपये होंगे।

(ख) दुर्घटना के परिणामस्वरूप स्थायी निःशक्तता:

देय प्रतिकर = (रूपये **5,00,000** ग कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, **1923 (1923** का **8)** की अनुसूची **1** के अनुसार प्रतिशत निःशक्तता)

परंतु किसी भी प्रकार की स्थायी निःशक्तता के मामले में न्यूनतम प्रतिकर पचास हजार रूपये से कम नहीं होगा।

(ग) दुर्घटना के परिणामस्वरूप सूक्ष्म क्षति:

पच्चीस हजार रूपये का एक निश्चित प्रतिकर देय होगा।

2. जनवरी, **2019** की पहली तारीख से पैरा **1** के खण्ड (क) से (ग) में निर्दिष्ट प्रतिकर की रकम में वार्षिक **5** प्रतिशत की वृद्धि होगी।

3. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी।

पूर्ववर्ती अनुसूची और वर्तमान अनुसूची को तुलनात्मक रुप से देखने से निम्नलिखित स्थिति प्रकट होती है-

प्रथम - मृत्यु की दशा में:-

पुरानी अनुसूची की कण्डिका क्रमांक **1** में दी गई सारणी में घटना के समय मृतक की आयु और आय महत्वपूर्ण कारक थे। वर्तमान अनुसूची में इन कारकों को पूरी तरह से हटा दिया गया है। पूर्व सारणी के अनुसार जैसा दीपाल गिरीश भाई सोनी (ए.आई.आर **2004** एस.सी. **2107)** के न्याय दृष्टांत में प्रतिपादित किया गया है, केवल **40,000/-** (चालीस हजार रूपये) वार्षिक आय वर्ग के व्यक्ति ही धारा **163**ए की परिधि में आते थे किन्तु नई अनुसूची में आय वर्ग हटाये जाने का तात्पर्य है कि सभी आय वर्ग के व्यक्ति इस उपबंध की परिधि में आयेंगे। इसी तरह पुरानी अनुसूची की कण्डिका क्रमांक **3** में "सामान्य नुकसानी शीर्ष" में अंतिम संस्कार व्यय, सहचर्य की हानि, सम्पदा की हानि एवं चिकित्सा व्यय की राशियां दिलाये जाने के प्रावधान थे, जो कि नई अनुसूची में नहीं हैं। अतः घटना के समय मृतक की आयु, आय के कारकों एवं अन्य शीर्षों को हटाये जाने का प्रभाव यह है कि मोटर दुर्घटना में मृत्यु की दशा में मृतक चाहे किसी भी आयु या आय वर्ग का रहा हो, धारा **163**ए के अधीन प्रतिकर की राशि **5,00,000/-** रूपये (पाँच लाख रुपये) नियत कर दी गई है। इस राशि में कुछ भी जोड़ा या घटाया जाना नहीं है। समय के साथ केवल इतना परिवर्तन होगा कि **01** जनवरी **2019** को इस **5,00,000/-** रूपये (पाँच लाख रुपये) की राशि में **5** प्रतिशत की वृद्धि हो जायेगी और इसी राशि पर प्रतिवर्ष **5** प्रतिशत की वृद्धि आगे भी होती रहेगी।

द्वितीय - स्थायी निःशक्तता की दशा में -

इसी तरह स्थायी निःशक्तता की दशा में भी आहत् की आयु और आय के कारक हटा दिये गये हैं और प्रतिकर की गणना हेतु बताये गये सूत्र के अनुसार **5,00,000/-** रूपये (पाँच लाख रुपये) की राशि में कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम की अनुसूची **1** में वर्णित "प्रतिशत निःशक्तता" का गुणा करना है।

महत्वपूर्ण यह है कि कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, **1923 (**पूर्व नाम कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, **1923)** की प्रथम अनुसूची तीन कालॅम में है। इसके कालॅम क्रमांक **2** में उपहति का वर्णन है और कालॅम क्रमांक **3** में "अर्जन क्षमता में आई कमी के प्रतिशत" का वर्णन है। ध्यान देना होगा कि "निःशक्तता के प्रतिशत" और "अर्जन क्षमता में आई कमी के प्रतिशत" में संकल्पनात्मक अंतर है। दुर्घटना में आई उपहति के फलस्वरूप शारीरिक अक्षमता चिकित्सकीय साक्ष्य द्वारा देखी जा सकती है किन्तु चिकित्सकीय साक्ष्य शारीरिक अक्षमता तक ही सीमित होगी और चिकित्सक साक्ष्य, अर्जन क्षमता में आई कमी के बारे में साक्ष्य नहीं होगी। पूर्व में न्यायाधिकरण को देखना होता था कि क्या आहत् को जो उपहति कारित हुई है वह स्थायी, पूर्ण अथवा आंशिक निःशक्तता है और उस निःशक्तता के आधार पर आहत् के व्यवसाय, कार्य की प्रकृति एवं अन्य सुसंगत परिस्थितियों (यथा, क्या आहत् पूर्व की भांति, पूर्व में किये जाने वाले कार्य नहीं कर सकता है; यदि हाँ तो वह अन्य कौन सा कार्य कर सकता है), को देखना होता था। उसी आधार पर अर्जन क्षमता में आई कमी के प्रतिशत को तय किया जाता था।

[***देखें B. Kothandapani v. Tamil Nadu State Transport Corporation Limited, (2011) 6 SCC 420; Raj Kumar v. Ajay Kumar & anr., (2011) 1 SCC 343; Calcutta Licensed Measurers Bengal Chamber of Commerce v. Md. Hossain, AIR 1969 Cal. 378; Messrs. Calcutta Electric Supply Corporation Ltd. v. Kabul Chandra Das, AIR 1968 Cal. 278***]

वर्तमान में संशोधित द्वितीय अनुसूची में दिये गये सूत्र में प्रयुक्त शब्दों को देखें तो इसका आशय यह है कि कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, **1923** की प्रथम अनुसूची के कालॅम क्रमांक **3** में अर्जन क्षमता में आई कमी का जो प्रतिशत बताया गया है उसमें **100** का भाग देकर प्रतिशत निःशक्तता निकालेंगे और उसका गुणा रूपये **5,00,000/-** से करेंगे। इस तरह प्रतिकर की राशि प्राप्त हो जायेगी अर्थात् प्रतिकर की राशि का सूत्र होगा -

प्रतिकर की राशि = रूपये **5,00,000/- x** कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम की अनुसूची एक के कालॅम क्रमांक **3** में वर्णित प्रतिशत **/ 100**

कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम की अनुसूची एक में वर्णित न होने वाली उपहति/ निःशक्तता की दशा में अर्जन की हानि के प्रतिशत के संबंध में कोई उपधारण नहीं होगी और मेसर्स् कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कारर्पोरेशन लि. विरुद्ध काबुल चन्द्र दास, एआईआर **1968** कल. **278** में

बताये गये सिद्धांत के अनुसार मोटर दुर्घटना के परिणाम स्वरुप उत्पन्न निःशक्तता से अर्जन क्षमता में आई कमी के प्रतिशत को तथ्य की भाँति साबित करना होगा। इसके बाद उपरोक्त सूत्र का प्रयोग करना होगा।

यह भी ध्यान देना होगा कि पूर्ववर्ती द्वितीय अनुसूची की कण्डिका क्रमांक **4** में बताये गये दर्द और पीड़ा तथा चिकित्सकीय व्यय के शीर्ष को नई अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। पुरानी अनुसूची के क्रमांक **5** के स्थान पर ऊपर वर्णित अनुसार नया सूत्र प्रतिपादित किया गया है। इस सूत्र से प्राप्त राशि में कुछ भी जोड़ना या घटाना नहीं है। सीमा सिर्फ यह है कि किसी भी प्रकार की स्थायी निःशक्तता के मामले में न्यूनतम प्रतिकर पचास हजार रूपये से कम और अधिकतम प्रतिकर पाँच लाख रुपए से अधिक नहीं होगा और समय परिवर्तन पर इस सूत्र से परि-गणित राशि पर पाँच प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि होगी।

तृतीय - सूक्ष्म क्षति की दशा में -

धारा **163**ए के मूल प्रावधान में केवल दो दशाओं **(1)** मृत्यु और **(2)** स्थायी निःशक्तता का वर्णन है। नवीन द्वितीय अनुसूची में कंडिका क्रमांक **1(**ग) में दुर्घटना के परिणाम स्वरूप सूक्ष्म क्षति की दशा में रूपये **25,000/-** का निश्चित प्रतिकर देय होना प्रावधानित किया गया है जो कि पुरानी अनुसूची में नहीं था। "सूक्ष्म क्षति" को मोटरयान अधिनियम, **1988** अथवा कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, **1923** में कहीं परिभाषित नहीं किया गया है। इस "सूक्ष्म क्षति" शब्द पर विचार करें तो इसका आशय ऐसी उपहतियों से प्रतीत होता है जिनके फलस्वरूप स्थायी निःशक्तता उत्पन्न नहीं हुई है क्योंकि किसी भी प्रकार की स्थायी निःशक्तता की दशा में न्यूनतम प्रतिकर पचास हजार रूपये से कम नहीं होगा। इस तरह "सूक्ष्म क्षति" के मामलों में रूपये **25,000/-** का निश्चित प्रतिकर दिया जाना मूल धारा से आगे जाकर किया गया प्रावधान है और यह उस दशा में लागू होगा जब मोटर दुर्घटना से हुई क्षति के परिणामस्वरूप स्थायी निःशक्तता उत्पन्न न हुई हो। इस पच्चीस हजार रुपये की राशि पर भी
01.01.2019 से पाँच प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि होगी।

इस तरह नवीन अनुसूची दो के संशोधित उपबंधों को ध्यान में रखते हुए अधिनियम की धारा **163**ए के प्रावधानों का प्रयोग करना होगा।

•

People accept the decision of a Judge not because his decision is always correct but because it is rendered by a person known for his wisdom, integrity, character and impartiality. It is only on account of these qualities of a Judge, people have faith in the judiciary.

– E.S. Venkataramiah, J.
in S.P. Gupta v. Union of India, (1981) Supp SCC 87, para 1137

भारतीय स्टाम्प (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, 2016: **संक्षिप्त अवलोकन**

अवधेश कुमार गुप्ता,
संकाय सदस्य (वरिष्ठ)
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

भारतीय स्टाम्प (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, **2016** द्वारा म.प्र. में प्रवृत्त भारतीय स्टाम्प अधिनियम, **1899** के कतिपय प्रावधानों को संशोधित, अंतःस्थापित, प्रतिस्थापित एवं विलोपित किया गया है। यह संशोधन अधिनियम दिनांक **23** अक्टूबर **2017** से प्रवृत्त हुआ है। इस संशोधन अधिनियम द्वारा प्रस्तावित प्रमुख नवीन प्रावधानों का संक्षिप्त विवरण, प्रभाव एवं प्रयोज्यता इस प्रकार है -

1. **निर्वचन खंड (धारा-**2)

अधिनियम की धारा - **2(11), 2(24)** तथा **2(26)** के अधीन क्रमशः "सम्यक् रूप से स्टाम्पित", "व्यवस्थापन" और "स्टाम्प" पद की विद्यमान परिभाषाओं को नवीन परिभाषाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है तथा धारा - **2(11-**क), **2(12-**क), **2(16-**ख) एवं **2(16-**ग) के रूप में क्रमशः "ई-स्टाम्प अथवा "इलेक्ट्रॉनिक स्टाम्प", "परिबद्ध", "बाजार मूल्य" एवं "बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों" की नवीन परिभाषाएं अंतःस्थापित की गई हैं।

धारा - **2(26)** के अधीन स्टाम्प की परिभाषा में "ई-स्टाम्प" को भी सम्मिलित कर लिया गया है। धारा - **2 (11)** के अधीन "सम्यक रूप से स्टाम्पित" पद की परिभाषा में "आसंजक या छापित स्टाम्प" पद को विलोपित कर दिया गया है। इस प्रकार "ई-स्टाम्प अथवा इलेक्ट्रानिक स्टाम्प" को भी स्टाम्प के रूप में मान्यता प्राप्त हो गई है।

धारा - **2(12-**क) के अधीन "परिबद्ध" पद को परिभाषित कर दिया गया है। यह परिभाषा परिबद्ध किए जाने की प्रक्रिया को स्पष्ट करती है। इस परिभाषा के अनुसार किसी लिखत को परिबद्ध किए जाने के लिए उस पर इस आषय का पृष्ठांकन किया जाएगा एवं ऐसे पृष्ठांकन के साथ लोक अधिकारी (यथा न्यायाधीश) उस लिखत को अपनी अभिरक्षा में ले लेगा।

किसी सम्पत्ति से संबंधित लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क के निर्धारण के प्रयोजन से "बाजार मूल्य" को धारा **2(16-**ख) के अधीन परिभाषित किया गया है। स्थावर सम्पत्ति के विक्रय के करार, विक्रय प्रमाण पत्र, हस्तांतरण पत्र आदि लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क के निर्धारण का एक आधार लिखत निष्पादन की तिथि पर उसका बाजार मूल्य भी होता है। इस परिभाषा में नियमों द्वारा विहित रीति से लिखत के निष्पादन की तिथि पर सम्पत्ति का अवधारित मूल्य अथवा लिखत में अभिव्यक्त प्रतिफल को बाजार मूल्य के अधीन सम्मिलित किया गया है।

2. सम्यक् रूप से स्टाम्पित न की गई लिखतें (धारा-**35)**

संशोधन के पूर्व एवं पश्चात् धारा-**35** के प्रावधान निम्नानुसार हैं -

धारा-35 (**संशोधन के पूर्व)**	**धारा-**35 (**संशोधन के पश्चात)**
35. सम्यक् रूप से स्टांपित न की गई लिखतें साक्ष्य, आदि में अग्राह्य हैं - शुल्क से प्रभार्य कोई भी लिखत जब तक कि ऐसी लिखत सम्यक् रूप से स्टांपित नहीं है, किसी व्यक्ति द्वारा	**35.** सम्यक् रूप से स्टांपित न की गई लिखतें साक्ष्य, आदि में अग्राह्य हैं - शुल्क से प्रभार्य कोई भी लिखत जब तक कि ऐसी लिखत सम्यक् रूप से स्टांपित नहीं है, किसी व्यक्ति द्वारा

धारा-35 (**संशोधन के पूर्व)**	**धारा-**35 (**संशोधन के पश्चात)**
जो विधि द्वारा या पक्षकारों की सम्मति से साक्ष्य लेने के लिये प्राधिकार रखता है, किसी भी प्रयोजन के लिए साक्ष्य में ग्राह्म नहीं होगी अथवा ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा या किसी लोक अधिकारी द्वारा उस पर कार्यवाही नहीं की जाएगी या वह रजिस्ट्रीकृत या अधिप्रमाणित नहीं की जाएगीः	जो विधि द्वारा या पक्षकारों की सम्मति से साक्ष्य लेने के लिये प्राधिकार रखता है, किसी भी प्रयोजन के लिए साक्ष्य में ग्राह्य नहीं होगी अथवा ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा या किसी लोक अधिकारी द्वारा उस पर कार्यवाही नहीं की जाएगी या वह रजिस्ट्रीकृत या अधिप्रमाणित नहीं की जाएगीः
परन्तु -	परन्तु -
(क) कोई ऐसी लिखत, जो शुल्क जिससे वह प्रभार्य है अथवा उस लिखत की दशा में, जो अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित है, ऐसे शुल्क को पूरा करने के लिये अपेक्षित रकम और साथ-साथ पाँच रूपये की शास्ति अथवा जब उसके उचित शुल्क या कमी वाले भाग के दस गुनी रकम, पांच रूपये से अधिक हो, तब ऐसे शुल्क या भाग के दस गुने के बराबर राशि दे दिये जाने पर साक्ष्य में ग्राह्म होगी।	(क) कोई ऐसी लिखत, उस शुल्क के जिससे वह प्रभार्य है, भुगतान कर दिये जाने पर अथवा उस लिखत की दशा में, जो अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित है, ऐसे शुल्क को पूरा करने के लिये अपेक्षित रकम, स्टाम्प शुल्क की कमी वाले भाग के लिए प्रति माह अथवा उसके भाग के लिये लिखत के निष्पादन की तारीख से दो प्रतिशत के बराबर शास्ति का भुगतान कर दिये जाने पर साक्ष्य में ग्राह्य, रजिस्ट्रीकृत अथवा अधिप्रमाणित होगी, परंतु किसी भी मामले में इस प्रकार संगणित की गई शास्ति की राशि वसूल किए जाने वाले कम स्टाम्प शुल्क की मूल राशि से अधिक नहीं होगी।
(ख) जहां कि किसी व्यक्ति ने, जिससे स्टाम्पित रसीद मांगी जा सकती थी, अस्टाम्पित रसीद दी है और यदि ऐसी रसीद स्टाम्पित होती तो उसके विरूद्ध साक्ष्य में ग्राह्म होती, वहां ऐसी रसीद उसे निविदत्त करने वाले व्यक्ति द्वारा एक रूपये की शास्ति दे दिए जाने पर उसके विरूद्ध साक्ष्य में ग्राह्म होगी।	(ख) जहां कि किसी व्यक्ति ने, जिससे स्टाम्पित रसीद मांगी जा सकती थी, अस्टाम्पित रसीद दी है और यदि ऐसी रसीद स्टाम्पित होती तो उसके विरूद्ध साक्ष्य में ग्राह्य होती, वहां ऐसी रसीद उसे निविदत्त करने वाले व्यक्ति द्वारा एक रूपये की शास्ति दे दिए जाने पर उसके विरूद्ध साक्ष्य में ग्राह्य होगी।
(ग) जहां कि किसी प्रकार कोई संविदा या करार दो या अधिक पत्रों से मिलकर बने पत्र व्यवहार द्वारा प्रभावी होता है और पत्रों में से किसी एक पर उचित स्टाम्प लगा है,	(ग) जहां कि किसी प्रकार कोई संविदा या करार दो या अधिक पत्रों से मिलकर बने पत्र व्यवहार द्वारा प्रभावी होता है और पत्रों में से किसी एक पर उचित स्टाम्प लगा है,

धारा-35 (**संशोधन के पूर्व)**	**धारा-**35 (**संशोधन के पश्चात)**
वहां उस संविदा या करार की बाबत् यह समझा जाएगा कि वह सम्यक् रूप से स्टाम्पित है। **(**घ) इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1898 (1898** का **5)** के अध्याय **12** या अध्याय **36** के अधीन की कार्यवाही से भिन्न दाण्डिक न्यायालय की किसी कार्यवाही में किसी लिखत को साक्ष्य में ग्रहण किए जाने से निवारित नहीं करेगी। **(**ड.) इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात किसी न्यायालय में किसी लिखत को ग्रहण किए जाने से तब निवारित नहीं करेगी, जब कि ऐसी लिखत सरकार द्वारा या उसकी ओर से निष्पादित की गई है या उस पर इस अधिनियम की धारा **32** या इसके किसी अन्य उपबन्ध द्वारा यथा उपबंधित कलेक्टर का प्रमाण पत्र लगा हुआ है। **(**च) कोई ऐसी लिखत, जो विनिमय-पत्र या वचन-पत्र नहीं है, सभी न्याय संगत अपवादों के अधीन रहते हुए उस शुल्क के, जिससे वह प्रभार्य है अथवा उस लिखत की दशा में, जो अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित है, ऐसे शुल्क को पूरा करने के लिए अपेक्षित रकम के दे दिये जाने पर रजिस्ट्रकृत या अधिप्रमाणित की जाएगी।	वहां उस संविदा या करार की बावत् यह समझा जाएगा कि वह सम्यक् रूप से स्टाम्पित है। **(**घ) इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973 (1974** का **2)** के अध्याय **9** या अध्याय **10** के भाग घ के अधीन की कार्यवाही से भिन्न दाण्डिक न्यायालय की किसी कार्यवाही में किसी लिखत को साक्ष्य में ग्रहण किए जाने से निवारित नहीं करेगी। **(**ड.) इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात किसी न्यायालय में किसी लिखत को ग्रहण किए जाने से तब निवारित नहीं करेगी, जबकि ऐसी लिखत सरकार द्वारा या उसकी ओर से निष्पादित की गई है या उस पर इस अधिनियम की धारा **32** या इसके किसी अन्य उपबन्ध द्वारा यथा उपबंधित कलेक्टर का प्रमाण पत्र लगा हुआ है। **(**च) विलोपित।

इस तालिका से निम्नलिखित तथ्य प्रकट हैं -

1. धारा-**35** का मूल प्रावधान इस संशोधन अधिनियम से अप्रभावित है अर्थात् ऐसी लिखतें जो अधिनियम की अनुसूची **1** एवं अनुसूची **1** क के अनुसार प्रभार्य समुचित रकम से अन्यून स्टाम्प से स्टाम्पित नहीं है (सम्यक् रूप से स्टाम्पित नहीं है) साक्ष्य में किसी भी प्रयोजन से ग्राह्य नहीं हैं।

2. परंतुक के पूर्व खंड (क) के स्थान पर नवीन खण्ड (क) के प्रतिस्थापन का प्रभाव यह है कि ऐसी लिखतें साक्ष्य में तब ग्रहण की जा सकती हैं यदि उस पर अवशेष स्टाम्प शुल्क तथा लिखत के निष्पादन की तिथि से इस अवशेष स्टाम्प शुल्क पर दो प्रतिशत प्रतिमाह (या माह के भाग

के लिये) के बराबर शास्ति का भुगतान कर दिया जाता है। यह शास्ति किसी भी दशा में अवशेष स्टाम्प शुल्क से अधिक नहीं होगी।

उदाहरणः दिनांक **01.01.2018** को 'अ' ने 'ब' के **3** वर्षीय पुत्र को दत्तक लिया। इस संव्यवहार के संबंध में एक विलेख एक सौ रूपये के स्टाम्प पर लेख किया गया। विलेख पर 'अ' 'ब' तथा साक्षियों ने हस्ताक्षर किए। दिनांक **15.07.2018** की तिथि पर इस लिखत के संबंध में निर्धारण निम्नानुसार होगा -

(i) लिखत का वर्णन - दत्तक विलेख

(ii) निष्पादन तिथि - **1** जनवरी **2018**

(iii) प्रभार्य स्टाम्प शुल्क के संबंध में प्रावधान - अनुसूची-**1**क अनुच्छेद-**4**

(iv) प्रभार्य स्टाम्प शुल्क (निष्पादन की तिथि पर) - दो हजार रूपये

(v) विलेख पर संदत्त शुल्क - एक सौ रूपये

(vi) अवशेष शुल्क - **2000-100 = 1900/-** रूपये

(vii) निष्पादन की तिथि से निर्धारण की तिथि तक अवधि - **6)** माह

(viii) प्रभार्य शास्ति - **1900** का **2% x 6 1/2) = 247/-** रूपये; **(**यह राशि अवशेष शुल्क **1900/-** रूपये से न्यून है)

(ix) अवशेष शुल्क एवं शास्ति **- 1900+247 = 2147/-**रूपये

यदि उक्त दत्तक विलेख के संबंध में **2147/-** रूपये का शुल्क एवं शास्ति संदत्त कर दी जाती है तो उसे साक्ष्य में ग्रहण किया जा सकेगा।

3. उक्त प्रावधान के प्रयोज्य होने की तिथि से संबंध में प्रश्न उत्पन्न हो सकता है । इस संबंध में उल्लेखनीय है कि जिस तिथि पर प्रश्नगत लिखत को साक्ष्य में ग्रहण किए जाने/न किये जाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा हो उसी तिथि पर विद्यमान विधि के अनुसार ही इस प्रश्न का निराकरण किया जाएगा अर्थात **23** अक्टूबर **2017** एवं उसके पश्चात् लिखतों की ग्राह्यता संशोधित धारा-**35** के अधीन होगी।

नवीन प्रतिस्थापित खण्ड (घ) इस प्रकार है **-**

"इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात दण्ड प्रक्रिया संहिता**, 1973** के अध्याय **9** या अध्याय **10** के भाग घ के अधीन की कार्यवाही से भिन्न दाण्डिक न्यायालय की किसी कार्यवाही में किसी लिखत को साक्ष्य में ग्रहण किए जाने से निवारित नहीं करेगी।**"**

स्पष्ट है कि आपराधिक न्यायालय के समक्ष लंबित किसी कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत लिखत अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित होने के आधार पर अग्राह्य नहीं की जाएगी सिवाय दण्ड प्रक्रिया संहिता**, 1973** के अध्याय **9** के अधीन पत्नी**,** संतान और माता-पिता के भरण पोषण एवं अध्याय **10** के अधीन स्थावर सम्पत्ति संबंधित विवाद से संबंधित मामलों की कार्यवाहियों में। इन दोनों कार्यवाहियों में प्रस्तुत लिखतें यदि अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित हैं तो वह इस तथ्य के होते हुए भी कि उन्हें आपराधिक न्यायालय की कार्यवाही में प्रस्तुत किया गया है**,** साक्ष्य में किसी भी प्रयोजन से अग्राह्य हैं।

5. वर्ष **2006** के केन्द्रीय संशोधन द्वारा खण्ड (क) से पद "केवल दस पैसे से अनधिक शुल्क से प्रभार्य होने वाली लिखत नहीं है या जो विनिमय पत्र या वचनपत्र नहीं है, ऐसे सभी न्यायसंगत अपवादों के अधीन रहते हुए" विलोपित कर दिया गया था। इस कारण खण्ड (च) अप्रासंगिक हो गया था। इस संषोधन अधिनियम द्वारा खण्ड (च) को विलोपित कर दिया गया है।

3. **परिबद्ध लिखतों को स्टाम्पित करने की कलेक्टर की शक्ति (धारा-**40)

संशोधन के पूर्व एवं पश्चात् धारा **40** के प्रावधान निम्नानुसार हैं-

धारा-40 (**संशोधन के पूर्व)**	**धारा-**40 (**संशोधन के पश्चात्)**
40 (1) जबकि कलेक्टर किसी लिखत को, जो रसीद या विनिमय-पत्र या वचन-पत्र नहीं है, धारा **33** के अधीन परिबद्ध करता है, या धारा **38** की उपधारा **(2)** के अधीन उसे भेजी गई किसी लिखत को प्राप्त करता है, तब वह निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएगा - **(**क) यदि उसकी यह राय है कि ऐसी लिखत सम्यक् रूप से स्टाम्पित है या शुल्क से प्रभार्य नहीं है तो वह उस पर पृष्ठांकन द्वारा यह प्रमाणित करेगा कि वह यथास्थिति, सम्यक् रूप से स्टाम्पित है या वह इस प्रकार से प्रभार्य नहीं है; **(**ख) यदि उसकी यह राय है कि ऐसी लिखत शुल्क से प्रभार्य है और वह सम्यक् रूप से स्टाम्पित नहीं है, तो वह यह अपेक्षा करेगा कि उचित शुल्क या उसे पूरा करने के लिये अपेक्षित रकम और साथ-साथ पांच रूपये की शास्ति अथवा यदि वह ठीक समझता है तो उचित शुल्क या उसकी कमी वाले भाग की रकम के दस गुने से अनधिक रकम, चाहे ऐसी रकम पांच रूपये से अधिक हो या कम हो, दी जाएः	**40 (1)** जबकि कलेक्टर किसी लिखत को, जो रसीद या विनिमय-पत्र या वचन-पत्र नहीं है, धारा **33** के अधीन परिबद्ध करता है, या धारा **38** की उपधारा **(2)** के अधीन उसे भेजी गई किसी लिखत को प्राप्त करता है, तब वह निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएगा - **(**क) यदि उसकी यह राय है कि ऐसी लिखत सम्यक् रूप से स्टाम्पित है या शुल्क से प्रभार्य नहीं है, तो वह उस पर पृष्ठांकन द्वारा यह प्रमाणित करेगा कि वह यथास्थिति, सम्यक् रूप से स्टाम्पित है या वह इस प्रकार से प्रभार्य नहीं है; **(**ख) यदि, जांच करने के पश्चात्, उसकी यह राय है कि ऐसी लिखत शुल्क से प्रभार्य है और वह सम्यक् रूप से स्टाम्पित नहीं है, तो वह यह अपेक्षा करेगा कि उचित शुल्क या उसे पूरा करने के लिये अपेक्षित रकम, स्टाम्प शुल्क की कमी वाले भाग के लिये प्रति माह अथवा उसके भाग के लिए लिखत के निष्पादन की तारीख से दो प्रतिशत के बराबर शास्ति का भुगतान किया जाए तथा उस पर पृष्ठांकन द्वारा यह प्रमाणित करेगा कि वह सम्यक् रूप से स्टाम्पित है। यह रकम उस व्यक्ति द्वारा देय होगी, जो कि शुल्क का भुगतान करने के लिये दायी होः परंतु किसी भी मामले में इस प्रकार संगणित की गई शास्ति की राशि वसूल किए जाने वाले कम स्टाम्प शुल्क की मूल राशि से अधिक नहीं होगीः

धारा-40 (**संशोधन के पूर्व**)	**धारा-**40 (**संशोधन के पश्चात्**)
परंतु जब कि ऐसी लिखत केवल इस कारण से परिबद्ध की गई है कि वह धारा **13** या धारा **14** के उल्लंघन में लिखी गई है, तब यदि कलेक्टर ठीक समझता है तो वह इस धारा द्वारा विहित की गई पूरी शास्ति की माफी दे सकेगा।	परन्तु यह और कि जब ऐसी लिखत केवल इस कारण से परिबद्ध की गई है कि वह धारा **13** या धारा **14** के उल्लंघन में लिखी गई है, तब यदि कलेक्टर, यह ठीक समझे तो, इस धारा द्वारा विहित की गई पूरी शास्ति की माफी दे सकेगा; **(**ग) इस अध्याय के अधीन जांच के प्रयोजन के लिए, कलेक्टर को साक्षियों को जिनमें लिखत के पक्षकार अथवा उनमें से कोई सम्मिलित है, समन करने तथा हाजिर कराने की तथा उसी माध्यम से और जहां तक हो सके, उसी रीति में दस्वातेजों को प्रस्तुत करने के लिए विवश करने की शक्ति होगी जैसा कि सिविल प्रक्रिया संहिता, **1908 (1908** का संख्यांक **15)** के अधीन किसी सिविल न्यायालय के मामले में उपबंधित है; **(**घ) कलेक्टर द्वारा उपधारा **(1)** के अधीन पारित आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेश के विरूद्ध, विहित रीति में, सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित अधिकारी को अपील कर सकेगाः परन्तु कोई अपील ग्राह्य नहीं की जाएगी, जब तक कि ऐसा व्यक्ति कलेक्टर द्वारा आदेशित कम स्टाम्प शुल्क की राशि का कम से कम **35** प्रतिशत जमा नहीं कर देता। ऐसी राशि अपीलीय अधिकारी के अंतिम आदेश के अनुसार

धारा-40 (संशोधन के पूर्व)	धारा-40 (संशोधन के पश्चात्)
	देय राशि के विरूद्ध समायोज्य अथवा जमा किए जाने की तारीख से प्रति माह या उसके भाग के लिए एक प्रतिशत ब्याज के साथ वापसी योग्य होगी; (ड.) खण्ड (घ) के अधीन अपील में पारित आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेश के विरूद्ध, विहित रीति में, मुख्य नियंत्रक, राजस्व प्राधिकारी को अपील कर सकेगा; (च) प्रत्येक प्रथम तथा द्वितीय अपील उस आदेश की, जिसके कि विरूद्ध अपील फाइल की गई हो, संसूचना की तारीख से तीस दिन के भीतर उस आदेश की, जिसके संबंध में आपत्ति की गई हो, एक प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ फाईल की जाएगी तथा ऐसी रीति में, उपस्थापित एवं सत्यापित की जाएगी, जो कि विहित की जाए; परंतु पूर्वोक्त की कालावधि की संगणना करने में वह समय अपवर्जित कर दिया जाएगा, जो कि उस आदेश की, जिसके कि विरूद्ध अपील की गई हो, प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिये अपेक्षित हो; (छ) अपीलीय प्राधिकारी, अपील का विनिश्चय करने में ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगा, जैसी कि विहित की जाए; परंतु कोई भी आदेश अपीलार्थी को सुनवाई का अवसर दिए बिना पारित नहीं किया जाएगा। (ज) यथास्थिति प्रथम अथवा द्वितीय अपील में पारित आदेशों के अध्यधीन रहते हुए, कलेक्टर द्वारा उपधारा (1) के अधीन पारित किया गया आदेश अंतिम

(2) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिये उपधारा **(1)** के खण्ड (क) के अधीन हर एक प्रमाण पत्र उसमें वर्णित विषयों का निष्चायक साक्ष्य होगा। **(3)** जहां कि कोई लिखत धारा **38** की उपधारा **(2)** के अधीन कलेक्टर को भेजी गई है, वहां कलेक्टर इस धारा द्वारा यथा उपबंधित कार्रवाई कर लेने के पश्चात् उसे परिबंधन अधिकारी को लौटा देगा।	होगा और किसी भी सिविल न्यायालय में या किसी भी अन्य प्राधिकारी के समक्ष चाहे वह कोई भी हो, प्रश्नगत नहीं किया जाएगा । **(2)** इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उपधारा **(1)** के खण्ड (क) तथा (ख) के अधीन प्रत्येक प्रमाण-पत्र, उसमें वर्णित विषयों का निश्चायक साक्ष्य होगा। **(3)** जहां कि कोई लिखत धारा **38** की उपधारा **(2)** के अधीन कलेक्टर को भेजी गई है, वहां कलेक्टर इस धारा द्वारा यथा उपबंधित कार्यवाही कर लेने के पश्चात् उसे परिबद्ध करने वाले अधिकारी को लौटा देगा।

इस तालिका से निम्नलिखित तथ्य प्रकट होते हैं-

1. प्रतिस्थापित नवीन धारा-**40** के अधीन उपधारा-**40(1)** के खण्ड (ख) में कतिपय संशोधन तथा नवीन खण्ड (ग), **(**घ), **(**ड.), **(**च), **(**छ) तथा (ज) जोड़े गए हैं।
2. यह धारा परिबद्ध लिखतों को स्टाम्पित करने के लिये कलेक्टर को सशक्त करती है। यह धारा कलेक्टर द्वारा परिबद्ध लिखतों अथवा किसी न्यायाधीश सहित अन्य लोक प्राधिकारी द्वारा परिबद्ध लिखतों जिन्हें धारा **38(2)** के अधीन कलेक्टर को प्रेषित किया जाता है, के संबंध में कलेक्टर द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया विहित करती है।
3. उपधारा-**40(1)** के खण्ड (ख) में ''जांच के पश्चात्'' पद योजित किया गया है अर्थात किसी लिखत के सम्यक् रूप से स्टाम्पित नहीं होने के संबंध में कलेक्टर राय जांच के उपरांत ही बना सकता है। खण्ड (ग) में जांच की प्रक्रिया विहित की गई है। खण्ड (घ), **(**ड.) व (च) में ऐसी जांच में कलेक्टर द्वारा पारित आदेश की अपील की प्रक्रिया विहित है। पुनः इस खंड (ख) में स्टाम्प शुल्क एवं शास्ति के संबंध में धारा-**35** के परंतुक(क) के समान प्रावधान किया गया है। संशोधन द्वारा कलेक्टर द्वारा उचित शुल्क अवधारित कर उसकी दस गुना रकम लेकर लिखत अधिप्रमाणित करने के विवेकाधिकार को समाप्त कर दिया गया है। इसका अर्थ यह है कि धारा-**35** के परंतुक (क) के अधीन सम्यक् रूप से स्टाम्पित न की गई लिखत को साक्ष्य में ग्रहण किए जाने हेतु देय स्टाम्प शुल्क एवं शास्ति तथा धारा **40(1) (**ख) के अधीन लिखत के सम्यक् रूप से स्टाम्पित होने के अधिप्रमाणन हेतु देय स्टाम्प शुल्क एवं शास्ति में कोई भी अंतर नहीं

रहा है। अतएव धारा-**38(2)** के अधीन लिखत की मूल कलेक्टर के पास उसी दशा में भेजी जानी चाहिए जबकि पक्षकार अपेक्षित स्टाम्प शुल्क एवं शास्ति का भुगतान न्यायालय के आदेशानुसार नहीं करता है अथवा जब पक्षकार लिखत के स्वरूप या वर्णन (Description of instrument) के संबंध में धारा **33(2)** के अधीन जांच के पश्चात् न्यायालय के निष्कर्ष से सहमत नहीं है। यहां यह ध्यातव्य है कि लिखत के स्वरूप या वर्णन (Description) एवं उसके सम्यक् रूप से स्टाम्पित होने या नहीं होने के संबंध में कलेक्टर का अवधारण अंतिम है। धारा-**40(2)** के अधीन तत्संबंध में कलेक्टर का प्रमाणपत्र निश्चयात्मक साक्ष्य की श्रेणी में रखा गया है।

4. **धारा-** 41

घटनावश असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों के संबंध में कलेक्टर द्वारा अपेक्षित स्टाम्प शुल्क एवं शास्ति के संबंध में धारा-**35** के परंतुक (क) तथा धारा **40 (1)**(ख) के समान प्रावधान किया गया है।

5. **धारा-** 45

उपधारा **45(1)** को विलोपित कर दिया गया है तथा धारा **45(2)** को प्रतिस्थापित किया गया है। प्रतिस्थापित प्रावधान के अधीन यदि न्यायालय अथवा अन्य प्राधिकारी द्वारा विधितः प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से अधिक स्टाम्प शुल्क वसूल कर लिया गया है वहां व्यथित पक्षकार ऐसे भुगतान की तिथि से **6** माह के भीतर मुख्य नियंत्रक राजस्व प्राधिकारी के समक्ष इस आशय का आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। मुख्य नियंत्रक राजस्व प्राधिकारी समुचित जांच पश्चात् भुगतान किए गए आधिक्य स्टाम्प शुल्क को वापस कर सकता है।

6. **अन्य संशोधन -**

संशोधन अधिनियम द्वारा धारा-**47** क विलोपित कर दी गई है तथा धारा **48**ख, **73** एवं **76** क, प्रतिस्थापित की गई है। इन धाराओं का संबंध न्यायालयीन प्रक्रिया से नहीं है।

इसके अतिरिक्त मूल अधिनियम की अनुसूची-**1** क में अनुच्छेद **36** (दान) के स्पष्टीकरण, अनुच्छेद **48** (विभाजन) के स्पष्टीकरण एक, अनुच्छेद **50** (मुख्त्यारनामा) के स्पष्टीकरण एक, अनुच्छेद **54** (निर्मुक्ति) के स्पष्टीकरण तथा अनुच्छेद **57** (व्यवस्थापन) के स्पष्टीकरण -दो में शब्द "बहन" के स्थान पर "बहन, पुत्रवधु" स्थापित किए गए हैं। इस संशोधन के प्रभाव से इन सभी अनुच्छेदों में अंतर्विष्ट संव्यवहारों में कुटुम्ब के सदस्य के रूप में पुत्रवधु भी सम्मिलित हो गई है।

•

The qualities desired of a Judge can be simply stated : "that if he be a good one and that he be thought to be so."

– Dr. Arijit Pasayat, J.

in Brij Mohan Lal v. Union of India, (2002) 5 SCC 1, para 7

परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018: **प्रयोज्यता**

विधान माहेश्वरी,
सहायक संचालक,
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

दिनांक **02.08.2018** को राजपत्र में प्रकाशन के साथ पुनः धारा **138** से संबंधित मामलों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से परक्राम्य लिखत अधिनियम, **1881** में नवीन संशोधन समाहित किये गये हैं। परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, **2018** के द्वारा दो नवीन धाराएं **143**क व **148** अधिनियम में अंतःस्थापित की गई हैं। उक्त धाराएँ दिनांक **01.09.2018** से लागू हैं।

संसदीय बहस के परिशीलन से यह ज्ञात होता है कि उक्त संशोधन का मुख्य उद्देश्य चैक अनादरण के मामलों के विचारण में विलम्ब से परिवादी को हुये नुकसान की शीघ्र भरपाई करवाना एवं तुच्छ प्रकृति के प्रकरणों को न्यायालय में आने से रोकना है। संसद द्वारा यह अनुभव किया गया है कि अभियुक्त द्वारा विचारण तथा उसके पश्चात् अपील के लंबित रहने से परिवादी को हुये नुकसान की भरपाई में विलम्ब होता है एवं उसके व्यापारिक हित भी प्रभावित होते हैं।

संशोधन अधिनियम द्वारा अंतःस्थापित धारा **143**क निम्नवत हैः-

"धारा **143**क. अंतरिम प्रतिकर का निदेश देने की शक्ति - **(1)** दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973** में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, धारा **138** के अधीन अपराध का विचारण करने वाला न्यायालय चैक के लेखीवाल को **-**

(क) संक्षिप्त विचारण या किसी समन मामले में, जहाँ परिवाद में उसने किये गये अभियोग का दोषी न होने का अभिवाक् किया हो; और

(ख) किसी अन्य मामले में, आरोप विरचित किये जाने पर, परिवादी को अंतरिम प्रतिकर संदाय करने का आदेश कर सकेगा।

(2) उपधारा **(1)** के अधीन अंतरिम प्रतिकर चैक की राशि के बीस प्रतिशत से अनधिक नहीं होगा।

(3) अंतरिम प्रतिकर, उपधारा **(1)** के अधीन जारी आदेश की तारीख से साठ दिवस के भीतर या चैक के लेखीवाल द्वारा पर्याप्त कारण दर्शित किये जाने पर तीस दिवस से अनधिक ऐसी और अवधि के भीतर जिसका न्यायालय द्वारा निदेश दिया जाये, संदाय किया जायेगा।

(4) यदि चैक के लेखीवाल को दोषमुक्त कर दिया जाता है तो न्यायालय परिवादी द्वारा प्रतिकर की अंतरिम राशि लेखीवाल को, आदेश की तारीख से साठ दिवस के भीतर या परिवादी द्वारा पर्याप्त कारण दर्शित किये जाने पर तीस दिवस से अनधिक ऐसी और अवधि के भीतर, जिसका न्यायालय द्वारा निदेश दिया जाये, सुसंगत वित्तीय वर्ष के प्रारंभ पर प्रचलित बैंक दर से, जैसा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित किया गया हो, ब्याज सहित प्रतिसंदाय करने का निदेश देगा।

(5) इस धारा के अधीन संदेय अंतरिम प्रतिकर इस प्रकार वसूल किया जायेगा, मानो वह दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973 (1974** का **2)** की धारा **421** के अधीन कोई जुर्माना हो।

(6) धारा **138** के अधीन अधिरोपित जुर्माने की राशि या दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973** की धारा **357** के अधीन अधिनिर्णीत प्रतिकर की राशि में से इस धारा के अधीन अंतरिम प्रतिकर के रूप में संदत्त या वसूल की गई राशि घटा दी जायेगी।''

धारा **143**क की प्रयोज्यता के संबंध में आगे चर्चा करने के पूर्व इस धारा में प्रयुक्त प्रमुख पदों पर विचार किया जाना आवश्यक है **-**

1. विचारण करने वाला न्यायालय - वह न्यायालय जिसके द्वारा अपराध की विशिष्टियाँ बताये जाने के पश्चात् विचारण किया जा रहा है अथवा जिसे प्रकरण अंतरण पर प्राप्त हुआ है।

2. लेखीवाल - धारा **7** परक्राम्य लिखत अधिनियम के अनुसार चेक का रचयिता उसका ''लेखीवाल'' कहलाता है।

3. अंतरिम प्रतिकर - अंतरिम प्रतिकर से तात्पर्य किसी व्यक्ति को अभियोजन में उपगत व्ययों एवं अपराध के परिणामस्वरूप हुई किसी हानि या क्षति के संबंध में एक अंतराल हेतु अनंतिम प्रतिकर से है।

4. कर सकेगा - ''कर सकेगा'' पद से अभिप्रेत है कि यह शक्ति न्यायालय के विवेकाधीन है। उक्त पद का प्रयोग यह भी दर्षाता है कि न्यायालय न्यायोचित रूप से किसी शक्ति का प्रयोग करने को स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकता है।

5. बीस प्रतिशत से अनधिक - चैक राशि के बीस प्रतिशत तक। उदाहरण के लिये यदि चैक एक लाख रूपये का है तो न्यायालय बीस हजार तक किसी भी राशि के संबंध में आदेश दे सकती है।

6. साठ दिवस के भीतर - साठ दिवस से अभिप्राय आदेश दिनाँक से साठ दिवस से है। धारा **9,** साधारण खंड अधिनियम, **1897** के आलोक में ''से'' शब्द हेतु पहले दिन को अपवर्जित कर गणना की जावेगी।

7. पर्याप्त कारण - पर्याप्त कारण से अभिप्राय ऐसे कारण से है जो कि प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों में पक्षकार द्वारा उपेक्षापूर्ण अथवा असद्भाव में कारित नहीं किया गया है। साथ ही वह कारण जिसके आलोक में पक्षकार पर तत्परतापूर्वक कार्य न किये जाने एवं निष्क्रिय होने के आक्षेप नहीं लगाये जा सकते हैं।

8. सुसंगत वित्तीय वर्ष का प्रारंभ - आदेश दिये जाने की दिनाँक का वित्तीय वर्ष सुसंगत होगा। धारा **2(21),** साधारण खण्ड अधिनियम, **1897** के अंर्तगत वित्तीय वर्ष से अभिप्राय अप्रैल के प्रथम दिवस से प्रारंभ होने वाले वर्ष से है।

9. प्रचलित बैंक दर - बैंक दर से अभिप्राय उक्त दर से है जो कि धारा **49** भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, **1934** के अंर्तगत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर प्रकाशित की जाती है।

धारा **143**क के अनुसार न्यायालय धारा **138** से संबंधित मामलों में अपराध की विशिष्टियां अथवा आरोप विरचित करने के पश्चात्, यदि अभियुक्त द्वारा दोषी न होने का अभिवचन किया जाता है तो न्यायालय अभियुक्त को अंतरिम प्रतिकर संदाय करने हेतु आदेशित कर सकता है जो कि चैक की राशि के बीस प्रतिशत तक का हो सकता है।

यह महत्वपूर्ण है कि धारा **143**क अंतरिम प्रतिकर के संबंध में "सकेगा" **(May)** शब्द का उपयोग करती है। उक्त शब्दों का प्रयोग यह दर्शित करता है कि अंतरिम प्रतिकर का प्रावधान आज्ञापक नहीं है एवं प्रत्येक मामले में अंतरिम प्रतिकर का यांत्रिक रूप से आदेश नहीं किया जाना है। न्यायालय द्वारा इस संबंध में संदत्त विवेकाधिकार का न्यायोचित रूप से प्रयोग किया जाना है।

उक्त प्रावधान को लागू किये जाने एवं अंतरिम प्रतिकर दिलाये जाने के विवेकाधिकार के प्रयोग के संबंध में विचार किया जावे तो मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मीटर्स एण्ड इन्सट्रूमेंट्स प्रायवेट लिमिटेड व अन्य विरूद्ध कंचन मेहता, ए.आई.आर. **2017** एस.सी. **4594,** में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि ऐसे मामलों में जिनमें अभियुक्त दोषी न होने का अभिवचन कर विचारण चाहता है वहां उससे विनिर्दिष्ट प्रतिरक्षा प्रकट करने की अपेक्षा की जावेगी। न्यायालय के लिये अभियुक्त से विनिर्दिष्ट प्रश्न पूछने का भी रास्ता खुला हुआ है।

न्यायालय द्वारा धारा **143**क के अंतर्गत अंतरिम प्रतिकर का आदेश देने के विवेकाधिकार के प्रयोग हेतु एक महत्वपूर्ण विचारणीय बिन्दु अभियुक्त द्वारा बताया जा रहा विनिर्दिष्ट बचाव हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में जबकि अभियुक्त द्वारा मात्र औपचारिक इंकार कर किसी प्रकार का स्पष्ट एवं सुदृढ़ बचाव नहीं बतलाया जाता है, वहां न्यायालय अंतरिम प्रतिकर पर विचार कर सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि अभियुक्त द्वारा विचारण के प्रारंभ में अपने बचाव के प्रकटीकरण में प्रथमदृष्टया समाधानप्रद व संभाव्य आधार लिये जाते हैं, वहां न्यायालय उभयपक्ष को श्रवण कर अंतरिम प्रतिकर अस्वीकार भी कर सकता है। यह ध्यातव्य है कि संशोधन का उद्देश्य परिवादी को हुये नुकसान की शीघ्र भरपाई करवाना है न कि अभियुक्त को अंतरिम रूप से दंडित करना है। अतः आदेश पत्रिका में अभिवाक् अंकित करने एवं अभियुक्त के बचाव का विवरण लेख करने के पश्चात् न्यायालय को अंतरिम प्रतिकर के संबंध में विचार करना चाहिये। यह उल्लेखनीय है कि न्यायालय यहां आवेदन की अपेक्षा भी कर सकता है क्योंकि अंतरिम प्रतिकर परिवादी द्वारा अधिकार स्वरूप न मांगा जाकर न्यायालय के विवेक पर निर्भर है।

पुनः, धारा **143**क की उपधारा **(3)** अंतरिम प्रतिकर की अदायगी हेतु आदेश दिनाँक से साठ दिवस के भीतर की समय सीमा तय करती है। उक्त समयावधि को पर्याप्त हेतुक दर्शित करने पर तीस दिवस तक और बढ़ाया जा सकता है। चूंकि संशोधन का उद्देश्य परिवादी को हुये नुकसान की शीघ्र भरपाई कराना है, अतः न्यायालय द्वारा अंतरिम प्रतिकर राशि परिवादी को शीघ्र प्राप्त हो जाना सुनिश्चित करना चाहिये परन्तु किसी भी परिस्थिति में प्रतिकर अदायगी हेतु समयावधि कुल मिलाकर नब्बे दिवस से अधिक नहीं हो सकती है।

धारा **143**क की उपधारा **(5)** के अनुसार, यदि अंतरिम प्रतिकर निश्चित समयावधि में परिवादी को संदाय नहीं किया जाता है तो न्यायालय उसकी वसूली धारा **421** दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत अर्थदंड की वसूली की रीति से कर सकता है अर्थात साठ दिवस अथवा नब्बे दिवस के पश्चात् अंतरिम प्रतिकर संदाय न किये जाने की दषा में न्यायालय द्वारा आदेश पत्रिका में इस संबंध में उल्लेख कर नियम **352** सहपठित नियम **575 (8)** आपराधिक नियम एवं आदेश के अनुसार पृथक से विविध न्यायिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाना अपेक्षित है। विविध न्यायिक प्रकरण में कार्यवाही स्वतंत्र रूप एवं त्वरित रूप से परिवादी को अंतरिम प्रतिकर की राशि दिलाये जाने के उद्देश्य से किया जाना अपेक्षित होगा।

संशोधन द्वारा अंतर्विष्ट धारा **143**क की उपधारा **(6)** में ऐसी स्थिति के संबंध में उल्लेख किया गया है जबकि चैक के लेखीवाल अर्थात अभियुक्त के विरूद्ध अंतरिम प्रतिकर का आदेश दिये जाने के पश्चात् उक्त अंतरिम प्रतिकर परिवादी द्वारा प्राप्त कर लिया जाता है परन्तु अंतिम निराकरण में अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में न्यायालय द्वारा परिवादी को आदेश से साठ दिवस के भीतर अथवा पर्याप्त हेतुक दर्शित करने पर तीस दिवस से अनधिक ऐसी और अवधि में अभियुक्त को अंतरिम प्रतिकर वापस करने का निदेश दिया जावेगा। साथ ही उक्त अंतरिम प्रतिकर राशि पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सुसंगत वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में प्रकाशित की गयी प्रचलित "बैंक दर" पर ब्याज भी परिवादी द्वारा संदाय होगा।

"बैंक दर" के संबंध में विचार किया जावे तो धारा **49,** भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम**, 1934** के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय - समय पर ऐसी मानक दर का प्रकाशन किया जाता है जिस पर वह अधिनियम के अंतर्गत अर्ह होकर विनिमय पत्र या अन्य वाणिज्यिक पत्र क्रय करने या पुनः छूट देकर प्रदान करने हेतु तैयार है। उक्त दर को बैंक दर से संबोधित किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर द्वि-मासिक आर्थिक नीति विवरण जारी किया जाता है, जिसके अंतर्गत बैंक दर का निर्धारण किया जाता है। धारा **143**क उपधारा **(4)** के अंतर्गत आदेश किये जाते समय उक्त दिनाँक की बैंक दर सुसंगत न होकर वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में प्रचलित बैंक दर सुसंगत है। वर्तमान में उक्त बैंक दर हालांकि अधिसूचना दिनांक **01** अगस्त**, 2018** के अनुसार **6.75** प्रतिशत है परन्तु वित्तीय वर्ष **2018-2019** के प्रांरभ में **6.25** प्रतिशत होने से, उक्त दर अंतरिम प्रतिकर पर ब्याज दिलाने हेतु सुसंगत है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस संबंध में जारी की गई अधिसूचना की न्यायालय द्वारा धारा **57** साक्ष्य अधिनयम**, 1872** के अंतर्गत न्यायिक अवेक्षा की जा सकती है। न्यायालय द्वारा भारतीय रिर्जव बैंक की वेबसाइट पर नोटिफिकेशन में जाकर प्रचलित बैंक दर के संबंध में जानकारी ली जा सकती है। इस संबंध में न्यायालय द्वारा निर्णय अथवा अंतिम आदेश में विनिर्दिष्टतः निदेश दिया जाना चाहिये।

धारा **143**क की उपधारा **(3)** के समान ही उपधारा **(4)** के अंतर्गत यदि परिवादी द्वारा अभियुक्त को अंतरिम प्रतिकर एवं ब्याज राशि विहित समयावधि में नहीं लौटाया जाता है तो उक्त राशि उपधारा **(5)** के अधीन "संदेय प्रतिकर" होने से परिवादी से धारा **421** दं.प्र.सं. के अनुसार अर्थदंड की वसूली के तरीके से वसूल की जा सकेगी।

धारा **143**क की उपधारा **(6)** में प्रावधित है कि विचारण के अंत में यदि अभियुक्त को दोषसिद्ध पाया जाता है तो अर्थदंड की राशि अथवा धारा **357** के अंतर्गत अधिनिर्णित प्रतिकर में से अंतरिम प्रतिकर की राशि को घटा दिया जायेगा।

संशोधन अधिनियम द्वारा लेखीवाल अथवा परिवादी को हुये नुकसान की शीघ्र भरपाई में अपील के निराकरण में होने वाले विलम्ब के प्रभाव को भी कम किये जाने का प्रयास किया गया है।

संशोधन अधिनियम द्वारा अंतःस्थापित नवीन धारा **148** निम्नवत है:-

"धारा **148.** दोषमुक्ति के विरूद्ध अपील के लंबित रहते संदाय का आदेश करने की अपीलीय न्यायालय की शक्ति-

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973 (1974** का **2)** में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, धारा **138** के अधीन लेखीवाल द्वारा की गई अपील में अपील न्यायालय अपीलार्थी को ऐसी राशि जमा करने का आदेश कर सकेगा, जो विचारण न्यायालय द्वारा अधिनिर्णीत जुर्माना या प्रतिकर का न्यूनतम बीस प्रतिशत होगी:

परन्तु इस धारा के अधीन संदेय राशि, धारा **143**क के अधीन अपीलार्थी द्वारा संदत्त किसी भी अंतरिम प्रतिकर के अतिरिक्त होगी।

(2) उपधारा **(1)** में निर्दिष्ट राशि, आदेश की तारीख से साठ दिवस के भीतर या अपीलार्थी द्वारा पर्याप्त कारण दर्शित किये जाने पर तीस दिवस से अनधिक ऐसी और अवधि के भीतर, जिसका न्यायालय द्वारा निदेश दिया जाये, जमा कराई जायेगी।

(3) अपील न्यायालय, अपील लंबित रहने के दौरान किसी भी समय अपीलार्थी द्वारा जमा की गई राशि को परिवादी को दिये जाने का निदेश दे सकेगाः

परन्तु यदि अपीलार्थी दोषमुक्त कर दिया जाता है, तो न्यायालय परिवादी को, आदेश की तारीख से साठ दिवस के भीतर या परिवादी द्वारा पर्याप्त कारण दर्शित किये जाने पर, तीस दिवस से अनधिक ऐसी और अवधि के भीतर, जिसका न्यायालय द्वारा निदेश दिया जाये, सुसंगत वित्तीय वर्ष के प्रारंभ पर प्रचलित बैंक दर पर, जैसा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित हो, ब्याज सहित इस प्रकार दी गई राषि का अपीलार्थी को प्रतिसंदाय करने का निदेश देगा।"

धारा **148** की उपधारा **(1)** के अनुसार लेखीवाल द्वारा दोषसिद्धि के विरूद्ध अपील किये जाने पर अपीलीय न्यायालय अपीलार्थी को विचारण न्यायालय द्वारा अधिरोपित अर्थदंड अथवा प्रतिकर का न्यूनतम बीस प्रतिशत जमा करने हेतु निदेश दे सकता है। उक्त राशि धारा **143**क के अंतर्गत संदाय किये गये अंतरिम प्रतिकर के अतिरिक्त देय है।

साधारणतः मध्यप्रदेश में अपील न्यायालय द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदृष्टांत स्टेनी फेलिक्स पिंटो विरूद्ध मेसर्स जनगिद बिल्डर्स प्रा. लिमिटेड, ए.आई.आर. **2001** एस.सी. **659** के आलोक में दंडादेश को निलंबित करते समय अर्थदंड या प्रतिकर का एक निश्चित भाग निक्षेप कराये जाने की शर्त लगायी जाती है। संशोधन द्वारा उक्त विधि को अधिनियमित कर उक्त भाग को न्यूनतम बीस प्रतिशत निर्धारित कर दिया गया है।

संशोधन द्वारा प्रचलित प्रक्रिया में दो प्रकार के आंशिक परिवर्तन किये गये हैं। प्रथमतः अपीलीय न्यायालय द्वारा निक्षेप कराने हेतु आदेशित राशि अर्थदंड अथवा प्रतिकर की न्यूनतम बीस प्रतिशत होगी। धारा **148** द्वारा अधिकतम सीमा पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। द्वितीयतः उक्त राशि को उपधारा **(2)** के अधीन साठ दिवस जो कि आगे तीस दिवस हेतु बढ़ाया जा सकता है, के भीतर निक्षेप किया जाना अपेक्षित है।

वर्तमान में साधारणतः अपील न्यायालय द्वारा प्रतिकर का भाग निक्षेप किये जाने की अपेक्षा करते हुये कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की जाती है। धारा **148** की उपधारा **(2)** के प्रभाव से अपीलार्थी/ अभियुक्त के पास उक्त राशि जमा करने हेतु प्रथम बार में साठ दिवस का अवसर है। अतः अपील न्यायालय द्वारा धारा **389 (1)** दं.प्र.सं. के अंर्तगत दंडादेश व प्रतिकर के संबंध में निलंबन किये जाते

समय अपील में उपसंजाति हेतु प्रतिभूति की अपेक्षा के अतिरिक्त साठ दिवस में प्रतिकर का भाग निक्षेप किये जाने की शर्त अधिरोपित की जा सकेगी।

धारा **389 (3)** के अंर्तगत विचारण न्यायालय द्वारा दंडादेश निलंबित करने एवं पृथक से प्रतिकर को स्थगित रखने संबंधी आदेश पारित किया जाता है। अपील न्यायालय से आदेश प्राप्त करने हेतु दिये गये समय के समाप्त होने पर यदि अपीलार्थी द्वारा विचारण न्यायालय के समक्ष अपील न्यायालय के निर्देशानुसार प्रतिभूति प्रस्तुत की जाती है एवं धारा **148** उपधारा **(1)** के अनुसार प्रतिकर का भाग निक्षेप कराया जाता है, तो न्यायालय इस संबंध में आदेश पत्रिका में उल्लेख कर, मूल प्रकरण का भाग बना अपील न्यायालय को प्रेषित करेगा परंतु, यदि अपीलार्थी द्वारा मात्र प्रतिभूति प्रस्तुत की जाती है एवं प्रतिकर का भाग निक्षेप करने हेतु समयावधि शेष है तो विचारण न्यायालय इस संबंध में आदेश पत्रिका में उल्लेख कर, पत्रावली को मूल प्रकरण के साथ संलग्न कर अपील न्यायालय को भेजा जावेगा। इसके पश्चात् साठ दिवस में प्रतिकर के भाग का निक्षेप न होने पर तीस दिवस तक का अतिरिक्त समय दिये जाने का क्षेत्राधिकार अपील न्यायालय को प्राप्त होगा।

धारा **148** की उपधारा **(3)** के अधीन अपीलीय न्यायालय द्वारा अर्थदंड या प्रतिकर के न्यूनतम बीस प्रतिशत की जमा की गई राशि किसी भी समय परिवादी को दिये जाने का निदेश दिया जा सकेगा। पुनः **"**सकेगा**" ("May")** शब्द का उपयोग यह दर्शित करता है कि राशि को प्राप्त करना परिवादी/प्रत्यर्थी का अधिकार नहीं है एवं उसके द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर अपील न्यायालय इस संबंध में विवेक का प्रयोग करेगा। अपील के स्तर पर उक्त राशि दिये जाने के समय अपीलीय न्यायालय अभिलेख की समस्त परिस्थितयां एवं निराकरण में विलंब के परिणामस्वरूप परिवादी को संभाव्य नुकसान को विचार में ले सकता है।

धारा **148** की उपधारा **(3)** का परंतुक भी नवीन धारा **143**क की उपधारा **(4)** के समान प्रावधान करता है। यदि अपीलीय न्यायालय द्वारा अपीलार्थी को दोषमुक्त किया जाता है तो अपीलीय न्यायालय द्वारा परिवादी को दी गयी अंतरिम प्रतिकर सहित सम्पूर्ण राशि, अपीलार्थी को ब्याज राशि सह अदा करने हेतु निर्देशित करेगा। धारा **143** क की उपधारा **(4)** के ही समान उक्त ब्याज की दर वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में प्रचलित **"**बैंक दर**"** के समान होगी एवं संपूर्ण राशि को आदेश दिनाँक से साठ दिवस के भीतर अथवा पर्याप्त हेतुक दर्शित किये जाने पर अतिरिक्त तीस दिवस में जमा कराया जाना है। राशि संदत्त न किये जाने की दशा में अपीलीय न्यायालय धारा **421** दं.प्र.सं. के अनुसार कार्यवाही करेगा।

परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, **2018** के लंबित प्रकरणों पर प्रभाव के संबंध में विचार किया जावे तो अधिनियम में विनिर्दिष्ट या अभिव्यक्त निरसन और व्यावृत्ति (repeal and saving) प्रावधान नहीं है। संशोधन द्वारा किसी धारा को निरसित नहीं किया गया है अपितु दो धाराएँ अंतः स्थापित की गई हैं। अतः संशोधन के प्रभाव की प्रकृति के संबंध में मुख्यतः दो आधारों पर निष्कर्ष दिया जाना है। प्रथमतः संशोधन अधिनियम का उद्देश्य एवं द्वितीयतः संशोधन सारभूत अधिकारों से संबंधित हैं अथवा प्रक्रिया से संबंधित है।

संशोधन अधिनियम के उद्देश्य के संबंध में पूर्व में चर्चा हो चुकी है। संशोधन का मुख्य उद्देश्य सद्भाविक परिवादी को विचारण में विलंब होने के परिणामस्वरूप संभावित हानि को दूर करना है। जहाँ तक धारा **143** क के अंतर्गत अंतरिम प्रतिकर एवं धारा **148** के अंतर्गत प्रतिकर के भाग को जमा कराये जाने का प्रश्न है, उक्त प्रावधान किसी के पक्ष में सारभूत अधिकार सृजित न कर मात्र प्रक्रिया के भाग हैं।

किसी भी व्यक्ति को प्रक्रिया की प्रकृति के संबंध में सारभूत अधिकार नहीं होता है। संशोधन के उद्देश्य एवं प्रक्रिया से संबंधित संशोधन को दृष्टिगत रखते हुए संशोधन का प्रभाव उन प्रकरणों पर भी होगा जो पूर्व से लंबित हैं। अतः संशोधन के पूर्व के अपराध के संबंध में भी अंतःस्थापित प्रावधान लागू होंगे यदि संबंधित प्रक्रम पर विचार के समय संशोधन प्रभाव में आ गया है।

उदाहरण के लिये यदि चैक अनादरण के संबंध में मांग सूचना पत्र की प्राप्ति उपरांत यदि हेतुक दिनांक **01.07.2017** को उत्पन्न हुआ है, परन्तु विचारण के प्रारंभ में अभियुक्त द्वारा दोषी न होने का अभिवाक् संशोधन के प्रभाव के आने की दिनांक **02.08.2018** के पश्चात् किया जाता है तो धारा **143** क का प्रावधान लागू कर अंतरिम प्रतिकर संदाय करने का आदेश किया जा सकेगा। इसी प्रकार उक्त दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत अपील प्रकरणों में अपील न्यायालय द्वारा धारा **148** के अनुसार राशि निक्षेप किये जाने की अपेक्षा की जा सकती है।

संसद द्वारा धारा **138** से संबंधित प्रकरणों के विचारण एवं अपील के निराकरण में हो रहे विलंब को दृष्टिगत रखते हुये अंतरिम प्रतिकर दिलाये जाने हेतु संशोधन किया गया है। यह ध्यातव्य है कि न्यायालयों में पूर्व से अत्यधिक संख्या में उक्त प्रकरण लंबित हैं। ऐसे में न्यायालय को यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वह समय-समय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के पालन में प्रकरणों का अंतिम रूप से शीघ्र निराकरण का प्रयास करें। अंतरिम प्रतिकर हेतु आदेश देने मात्र से प्रकरण में शीघ्र निराकरण की अपेक्षा समाप्त नहीं होती है, अपितु विचारण न्यायालय द्वारा धारा **143 (3)** के अनुसार परिवाद दाखिल करने की तारीख से छः माह के भीतर विचारण के निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया जाना आवश्यक है।

•

Judges are by reason of their office and nature of work expected not to get involved in controversial matters, or to concern themselves with political issues or policies undertaken by political parties as a part of their political programme.

– A.N. Ray, J.

in Ram Pratap Sharma, In re, (1997) 1 SCC 150, para 15

PART – II

NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS

***151. ACCOMMODATION CONTROL ACT, 1961 (M.P.) – Section 3 (2)**
Exemption from application of the Act – Relevant notification exempting Public Trusts issued during the pendency of the suit – Cannot have retrospective effect – Suit will be decided under the provisions of the Act of 1961.

स्थान नियंत्रण अधिनियम, 1961 (म.प्र.) - धारा 3 (2)

अधिनियम की प्रयोज्यता से छूट - लोक न्यासों को छूट प्रदान करने वाली सुसंगत अधिसूचना वाद लंबन के दौरान जारी की गई - भूतलक्षी प्रभाव नहीं रख सकती - वाद का विनिश्चय 1961 के अधिनियम के प्रावधानों के अधीन होगा।

Chunnilal v. Murti Shri Chintamani Parashvanath Bhagwan
Judgment dated 05.02.2018 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Gwalior Bench) in Second Appeal No. 447 of 2017, reported in 2018 Law Suit (MP) 125

•

152. ADVOCATES ACT, 1961 – Section 35
CONSTITUTION OF INDIA – Article 19 (1)(g)
Strike of Advocates – Call for strike by State Bar Council – A statutory body cannot call for an act which is impermissible – Held to be illegal and unconstitutional. (*Arunava Ghosh & ors. v. Bar Council of West Bengal, AIR 1996 Cal. 331* approved and *Ex. Capt. Harish Uppal v. Union of India, (2003) 2 SCC 45,* relied on)

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 - धारा 35

भारत का संविधान - अनुच्छेद 19 (1)(छ)

अधिवक्तागण की हड़ताल - राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा हड़ताल का आव्हान - एक सांविधिक निकाय उस कृत्य का आव्हान नहीं कर सकता जो अननुज्ञेय है - अवैध तथा असंवैधानिक अभिनिर्धारित किया गया। (***अरूनव घोष और अन्य विरूद्ध पश्चिम बंगाल अधिवक्ता परिषद, ए.आई.आर. 1996 कलकत्ता 331, अनुमोदित एवं एक्स. कैप्टन. हरीश उप्पल विरूद्ध भारत संघ, (2003) 2 एससीसी 45,*** अवलंबित)

Praveen Pandey v. State of M.P. & ors.
Order dated 10.04.2018 passed by the High Court of Madhya Pradesh in Writ Petition No. 8078 of 2018, reported in 2018 Law Suit (MP) 467

Relevant extracts from the order:

The Bar Council is a creation of the Advocates Act, 1961 (in short "the Act") and is a body corporate. The function of the State Bar Council is to admit persons as Advocates on its roll and to entertain and determine cases of

misconduct against Advocates and to safeguard the rights, privileges and interests of Advocates on its roll but giving of a call by a statutory body established under the Act to entertain and to decide the cases of misconduct against Advocates, cannot itself indulge in an act which is not permissible under the Act nor is permissible in view of the Constitution Bench judgment of the Supreme Court in ***Ex-Capt. Harish Uppal v. Union of India, (2003) 2 SCC 45*** and subsequent pronouncements of the Supreme Court in ***Hussain and another v. Union of India, (2017) 5 SCC 702*** and ***Krishnakant Tamrakar v. State of Madhya Pradesh, (2018) 5 Scale 248*** as well as the decision of the Calcutta High Court in ***Arunava Ghosh & ors. v. Bar Council of West Bengal, AIR 1996 Cal. 331*** as referred to above.

If an Advocate does not appear at the time of hearing of the cases, he can be proceeded against for misconduct for negligence in defending the interest of his client. The call of the Bar Council to Advocates of the State to abstain from work, does not fall within the four corners of the Act and the role assigned to the Bar Council. The State Bar Council derives its authority from the Act and has to discharge functions which are conferred on it. None of the provisions of the Act confers power on the statutory body to call the members to abstain from judicial work which is a responsibility of every member of the Bar in terms of the provisions of the Act itself. It has been rightly held by the Calcutta High Court in ***Arunava Ghosh*** (supra) that the Act does not confer any power or jurisdiction on the State Bar Council to take away the right of an Advocate to practice as of right either temporarily or permanently or to compel him not to practice even for a day or affect his right to practice in any manner whatsoever except by way of exercising disciplinary jurisdiction under Section 35 of the Act. Therefore, the call given to the Advocates to abstain from Judicial work negates the statutory right of Advocates to practice and also is a violation of fundamental right of an Advocate where freedom to practice any profession is guaranteed under Section 19(1)(g) of the Constitution of India.

In view of the foregoing, we find that the decision of the State Bar Council calling upon the Advocates in the State to observe a week-long protest and to abstain from all judicial works and Court proceedings is illegal, unconstitutional and against the statutory provisions as well as contrary to the judgments of the Supreme Court. Therefore, we hold the call to abstain from court work vide letters dated 21st March, 2018 and 5th April, 2018 as illegal and against the provisions of the Advocates Act and the Judgments on the subject.

Consequently, we direct the Advocates in the State to resume the work forthwith so that the poor, needy, under-trials, convicts and numerous other persons desiring to seek justice from the Courts do not suffer on account of lack of legal assistance for the reason that the members of the Bar are not available to work in the Courts.

•

153. BENAMI TRANSACTIONS (PROHIBITION) ACT, 1988 – Section 4
CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Order 7 Rule 11

(i) Benami Transaction – The suit, claim, action or even defence, to enforce any right in respect of a property held benami would not lie by or on behalf of a person claiming to be the real owner of such property.

(ii) Suit based on Benami transaction – Seeking declaration of title and injunction – Not maintainable and liable to rejection under Order VII Rule 11 of the C.P.C.

बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988 - धारा 4

व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908 - आदेश 7 नियम 11

(i) बेनामी संव्यवहार - बेनामी धारित संपत्ति के संबंध में किसी अधिकार को प्रवृत्त कराने के लिये, कोई वाद, दावा, कार्यवाही या बचाव भी, उस संपत्ति का वास्तविक स्वामी होने का अभिवाक् करने वाले व्यक्ति या उसकी ओर से संधारणीय नहीं है।

(ii) बेनामी संव्यवहार पर आधारित वाद - स्वत्व घोषणा और निषेधाज्ञा वांछित - संधारणीय नहीं है और सि.प्र.सं. के आदेश 7 नियम 11 के अधीन खारिज किये जाने योग्य है।

Sita Bai (Smt.) & ors. v. Smt. Sadda Bai

Judgment dated 02.11.2017 passed by the High Court of Madhya Pradesh in Civil Revision No. 9/2012, reported in I.L.R. (2018) MP 193

Relevant extracts from the judgment:

In a transaction wherein the property is transferred by one person for consideration paid or provided by another person would be called as ''Benami Transaction''. It is also apparent that the ''Property'' would include the movable or immovable, tangible or intangible including any right or interest in such property. As per Section 3, the person cannot be permitted to enter in the ''Benami Transaction'' but the transaction in the name of his wife and unmarried daughter is saved until contrary is proved to it. Sub-section (3) of Section 3 makes such transaction punishable under the law though Section 3 of Benami Transactions (Prohibition) Act, 1988 is omitted by Act No. 43 of 2016 with effect from 1.1.2016. Section 4 provides prohibition of the right to recover the property held ''Benami''. The said provision is relevant, however, reproduced as under:-

> **"4.** ***Prohibition of the right to recover property held benami*** **–**
>
> (1) No suit, claim or action to enforce any right in respect of any property held benami against the person in whose name the property is held or against any other person shall lie by or on behalf of a person claiming to be the real owner of such property.

(2) No defence based on any right in respect of any property held benami, whether against the person in whose name the property is held or against any other person, shall be allowed to be the real owner of such property.

(3) Nothing in this section shall apply–

(a) where the person in whose name the property is held is a coparcener in a Hindu undivided family and the property is held for the benefit of the coparceners in the family; or

(b) where the person in whose name the property is held is a trustee or other person standing in a fiduciary capacity, and the property is held for the benefit of another person for whom he is a trustee or towards whom he stands in such capacity.''

On perusal of the aforesaid, it is crystal clear that the suit, claim or action, taking a plea to enforce any right in respect of a property held benami would not lie by or on behalf of a person claiming to be the real owner of such property. By sub-section (2), similar plea has been restrained to be taken in a defence as restrained to be taken to claim the right. The exception carved out is with regard to the property held to be the coparcenery in a Hindu undivided family and the property held for the benefit of the coparcener in the family.

It is a trite law that to decide the application under Order VII Rule 11 of the C.P.C, the averments of the plaint and the objection taken are required to be seen. However, looking to the foregoing provisions of the Act of 1988, now the plea taken in the plaint by the plaintiff requires consideration to adjudicate the objection raised by the defendants in the application. Paragraph No.3 of the plaint specifies that on persuasion of the plaintiff, her husband has purchased the property of Khasra No.327/2 area 0.271 hectare of Village Tekapar, Tahsil Tendukheda, District Narsinghpur in the name of Sheela Bai her elder sister-in-law and paid the amount of consideration. To acknowledge it, during the life time, Sheela Bai executed an agreement in the shape of a *Sauda Chitthi* in the name of plaintiff in front of the witnesses acknowledging the fact that Rs. 10,000/- had been taken by her from the plaintiff towards consideration of the land and since then plaintiff was put into possession of the property. It is further said, Sheela Bai died on 08.01.2011 but prior to her death, she executed a sale deed in favour of defendant No.1 on 06.10.2010, by which the defendant No.1 does not acquire any right and title because Sheela Bai herself was not having any right in the suit property because the amount of consideration was paid by the husband of the plaintiff, therefore, the real owner was the husband of the plaintiff and Sheela Bai would not be owner thereof merely because of the sale deed in her name. However, the declaration of the ownership on the basis of the agreement mentioning the said fact and the injunction has been sought for in the suit.

Thus, looking to the plea taken by the plaintiff in the suit, it is with respect to the immovable property based on the transaction of a property in the name of Sheela Bai to which consideration was paid by the husband of the plaintiff and during the life time Sheela Bai executed an agreement by way of *Sauda Chitthi* in the name of the plaintiff and relying upon the said plea, the right has been claimed in the property. As per Section 2 (a), it would fall within the purview of ''Benami Transaction'' and any immovable property purchased by such transaction would be the benami property as specified in Section 2(c). Section 4 of the Act of 1988 prohibits the right to recover the property held benami, however, the word ''held benami'' is having some relevance to the finding recorded by the Trial Court. In this respect, it is relevant to mention here, that admission by the parties is best piece of evidence to the plea taken in the proceedings. In the present case, the foundation of the pleading in the suit is based upon the plea of benami transaction seeking declaration of title and injunction acknowledged in the agreement dated 30.09.1990 in contradistinction to the registered sale deed in the name of Sheela Bai, however, the suit on the basis of such plea asking declaration cannot be maintained. By the said pleading itself, the property in question which is purchased in the name of Sheela Bai, claimed by the plaintiff *in lieu* of payment of consideration by her husband on insistence of the plaintiff itself would be called as ''Benami Transaction'' and such property would fall within the purview of property ''held benami''.

In my considered opinion, the aforesaid pleading apparently brings the case of the plaintiff with in the purview of property ''held benami'' purchased by ''Benami Transaction'' and the right to recover the said property has been prohibited, therefore, the objection taken by the defendants in the application under Order VII Rule 11 of the C.P.C dismissing the suit as barred by law is valid and the rejection of such application by the Trial Court is illegal and in excess to the jurisdiction without appreciating the provisions of the law, therefore, it is liable to be set aside. The foregoing discussion fortifies from the judgment of ***Anand Kumar v. Vijay Kumar & ors., 2012 (3) MPLJ 129***. Therefore, the irresistible conclusion, which can be arrived in the present case is to set aside the impugned order dated 24.11.2011 allowing the application under Order VII Rule 11 of the C.P.C and to direct to reject the suit filed by the plaintiff.

•

***154. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 10**

Stay of suit – Earlier suit filed for specific performance of contract – Subsequent suit for eviction by defendant of earlier suit – Fate of the subsequent suit is dependant upon the earlier suit – Stay of the subsequent suit held to be proper.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - धारा 10

वाद का रोक दिया जाना - पूर्ववर्ती वाद संविदा के विनिर्दिष्ट अनुपालन हेतु संस्थित किया गया - पूर्ववर्ती वाद के प्रतिवादी द्वारा बेदखली हेतु पश्चात्वर्ती वाद -

पश्चात्वर्ती वाद का परिणाम, पूर्ववर्ती वाद पर निर्भर - पश्चात्वर्ती वाद का रोका जाना उचित अभिनिर्धारित किया गया।

Fajal Ahmed v. Syed Sultan Ahmed

Order dated 20.03.2018 passed by the High Court of Madhya Pradesh in Misc. Petition No. 698 of 2017, reported in 2018 Law Suit (MP) 529

•

155. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 11

Principle of *Res Judicata* – Exceptions

(i) Erroneous decision as to jurisdiction of Court in earlier suit.

(ii) Erroneous decision given on statutory prohibition, thereby not giving effect to it.

(iii) Matter in issue being issue of law, different from that in the earlier suit.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - धारा 11

पूर्व न्याय का सिद्धांत - अपवाद

(i) पूर्ववर्ती वाद में न्यायालय के क्षेत्राधिकार के संबंध में त्रुटिपूर्ण निर्णय।

(ii) विधिक प्रतिषेध पर गलत निर्णय दिया गया, तद्द्वारा उसे प्रभावी नहीं बनाया गया।

(iii) मामले में विवादग्रस्त विषय विधि का विवाद्यक है, जो पूर्ववर्ती वाद के विषय से भिन्न है।

Canara Bank v. N.G. Subbaraya Setty and anr.

Judgment dated 20.04.2018 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 4233 of 2018, reported in AIR 2018 SC 3395

Relevant extracts from the judgment:

Given the conspectus of authorities, the law on the subject may be stated as follows:

(1) The general rule is that all issues that arise directly and substantially in a former suit or proceeding between the same parties are *res judicata* in a subsequent suit or proceeding between the same parties. These would include issues of fact, mixed questions of fact and law and issues of law.

(2) To this general proposition of law, there are certain exceptions when it comes to issues of law:

(i) Where an issue of law, decided between the same parties in a former suit or proceeding relates to the jurisdiction of the Court, an erroneous decision in the former suit or proceeding is not *res judicata* in a subsequent suit or proceeding between the same parties, even where the issue raised in the second suit or proceeding is directly and substantially the same as that raised in the former suit or proceeding. This follows from a reading of Section 11 of the Code of Civil Procedure itself, for the Court which decides the suit has to be a Court

competent to try such suit. When read with Explanation (I) to Section 11, it is obvious that both the former as well as the subsequent suit need to be decided in Courts competent to try such suits, for the "former suit" can be a suit instituted after the first suit, but which has been decided prior to the suit which was instituted earlier. An erroneous decision as to the jurisdiction of a Court cannot clothe that Court with jurisdiction where it has none. Obviously, a Civil Court cannot send a person to jail for an offence committed under the Indian Penal Code. If it does so, such a judgment would not bind a Magistrate and/or Sessions Court in a subsequent proceeding between the same parties, where the Magistrate sentences the same person for the same offence under the Penal Code. Equally, a Civil Court cannot decide a suit between a landlord and a tenant arising out of the rights claimed under a Rent Act, where the Rent Act clothes a special Court with jurisdiction to decide such suits. As an example, under Section 28 of the Bombay Rent Act, 1947, the Small Causes Court has exclusive jurisdiction to hear and decide proceedings between a landlord and a tenant in respect of rights which arise out of the Bombay Rent Act, and no other Court has jurisdiction to embark upon the same. In this case, even though the Civil Court, in the absence of the statutory bar created by the Rent Act, would have jurisdiction to decide such suits, it is the statutory bar created by the Rent Act that must be given effect to as a matter of public policy. (See- ***Natraj Studios (P) Ltd. v. Navrang Studios & anr., (1981) 2 SCR 466*** at 482). An erroneous decision clothing the Civil Court with jurisdiction to embark upon a suit filed by a landlord against a tenant, in respect of rights claimed under the Bombay Rent Act, would, therefore, not operate as *res judicata* in a subsequent suit filed before the Small Causes Court between the same parties in respect of the same matter directly and substantially in issue in the former suit.

(ii) An issue of law which arises between the same parties in a subsequent suit or proceeding is not *res judicata* if, by an erroneous decision given on a statutory prohibition in the former suit or proceeding, the statutory prohibition is not given effect to. This is despite the fact that the matter in issue between the parties may be the same as that directly and substantially in issue in the previous suit or proceeding. This is for the reason that in such cases, the rights of the parties are not the only matter for consideration (as is the case of an erroneous interpretation of a statute inter parties), as the public policy contained in the statutory prohibition cannot be set at naught. This is for the same reason as that contained in matters which pertain to issues of law that raise jurisdictional questions. We have seen how, in ***Natraj Studios*** (supra) it is the public policy of the statutory prohibition contained in Section 28 of the Bombay Rent Act that has to be given effect to. Likewise, the public policy contained in other statutory prohibitions, which need not necessarily go to jurisdiction of a Court, must equally be given effect to, as otherwise special principles of law are fastened upon parties when special considerations relating to public policy mandate that this cannot be done.

(iii) Another exception to this general rule follows from the matter in issue being an issue of law different from that in the previous suit or proceeding. This

can happen when the issue of law in the second suit or proceeding is based on different facts from the matter directly and substantially in issue in the first suit or proceeding. Equally, where the law is altered by a competent authority since the earlier decision, the matter in issue in the subsequent suit or proceeding is not the same as in the previous suit or proceeding, because the law to be interpreted is different.

•

***156. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 11, Order 7 Rule 11 and Order 2 Rule 2**

(i) Rejection of plaint – Consideration of pleading in written statement – Permissibility – Principles reiterated – Held, defence projected in written statement cannot be considered while deciding application under Order 7 Rule 11 CPC.

(ii) *Res judicata* – Material facts about two unsuccessful previous litigations suppressed by plaintiff – Defendant raised bar of *res judicata* in written statement and application under Order 7 Rule 11 – Held, recourse to Order 7 Rule 11 CPC is not appropriate – Proper course would be to frame issues and decide the issue of maintainability of suit in the first instance.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - धारा 11, आदेश 7 नियम 11 एवं आदेश 2 नियम 2

(i) वाद का नामंजूर किया जाना - लिखित कथन के अभिवचनों को विचार में लेना - अनुज्ञेयता - सिद्धांत पुनरुद्धरित किये गये - अभिनिर्धारित कि, लिखित कथन में प्रक्षेपित बचाव आदेश 7 नियम 11 सि.प्र.सं. के आवेदन के निराकरण के समय विचार में नहीं लिया जा सकता है।

(ii) पूर्व न्याय - वादी ने पूर्व के दो असफल प्रकरणों से सबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया - प्रतिवादी ने अपने लिखित कथन एवं आदेश 7 नियम 11 के आवेदन में पूर्वन्याय की बाधा होने का बचाव लिया - अभिनिर्धारित कि, ऐसे मामले में आदेश 7 नियम 11 सि.प्र.सं. के अनुसार कार्यवाही करना उचित नहीं है - उचित प्रक्रिया यह होगी कि विवाद्यक स्थिर किये जायें एवं वाद की प्रचलनशीलता का विवाद्यक पहले निर्धारित किया जाये।

Soumitra Kumar Sen v. Shyamal Kumar Sen and ors.

Judgment dated 21.02.2018 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 1513 of 2018, reported in (2018) 5 SCC 644

•

***157. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 96**

Powers of first Appellate Court – Scope – Jurisdiction of first appellate court is very wide like of trial court – It is the duty of the first appellate court to appreciate the entire evidence and arrive at its own independent conclusion, either of affirmance or difference with reasons.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - धारा 96

प्रथम अपीलीय न्यायालय की शक्तियाँ - विस्तार - प्रथम अपीलीय न्यायालय की क्षेत्राधिकारिता विचारण न्यायालय की क्षेत्राधिकारिता के समान ही व्यापक है - संपूर्ण साक्ष्य की विवेचना करना एवं दिये गये कारणों पर या तो मतैक्य अथवा मतभिन्नता के अनुसार स्वयं का स्वतंत्र निष्कर्ष निकालना प्रथम अपीलीय न्यायालय का कर्तव्य है।

C. Venkata Swamy v. H.N. Shivanna (dead) by L.Rs. and another
Judgment dated 04.12.2017 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 670 of 2011, reported in 2018 (2) MPLJ 585 (SC)

•

***158. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Order 7 Rule 11 and Order 21 Rule 97**

Resistance – Objection to execution on basis of possession – Maintainability of separate suit – Suit for declaration and injunction filed by the possession holder resisting the execution of a decree passed in earlier suit – Proper remedy is to file an application under Order 21 Rule 97 before the executing Court – Separate suit is not maintainable – Plaint is liable to be rejected.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - आदेश 7 नियम 11 एवं आदेश 21 नियम 97

प्रतिरोध - आधिपत्य के आधार पर निष्पादन पर आक्षेप - पृथक वाद की पोषणीयता - आधिपत्यधारी द्वारा पूर्ववर्ती वाद में पारित आज्ञप्ति के निष्पादन का प्रतिरोध करते हुए घोषणा तथा व्यादेश हेतु वाद - उचित उपचार आदेश 21 नियम 97 के अंर्तगत निष्पादन न्यायालय के समक्ष आवेदन संस्थित करना है - पृथक वाद पोषणीय नहीं है - वादपत्र नामंजूर किये जाने योग्य है।

Usman & ors. v. Vikram & ors.
Order dated 08.02.2018 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Indore Bench) in Civil Revision No. 102 of 2017, reported in 2018 Law Suit (MP) 716

•

***159. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Order 18 Rule 4 and Order 6 Rule 2**

Pleadings and proof – Evidence with regard to facts not pleaded, whether can be considered? Held, No – Party cannot introduce new facts or documents along with affidavit of evidence under Order 18 Rule 4 in absence of pleading. (*Nandkishore Lalbhai Mehta v. New Era Fabrics Private Limited and ors., (2015) 9 SCC 755,* relied on)

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - आदेश 18 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 2

अभिवचन एवं सबूत - क्या अभिवचन के अभाव में तथ्यों के साक्ष्य के संबंध पर विचार किया जा सकता है? अभिनिर्धारित, नहीं - अभिवचन के अभाव में आदेश 18 नियम 4 के तहत साक्ष्य के शपथ पत्र के साथ पक्षकार नवीन तथ्य एवं दस्तावेजों को प्रस्तावित नहीं कर सकता है। (***नन्दकिशोर लालभाई मेहता वि. न्यू ऐरा फेब्रिक्स प्राईवेट लिमिटेड और अन्य, (2015) 9 एससीसी 755,*** अवलंबित)

Kamal Singh and others v. Bhav Singh Rajpoot and others

Order dated 15.03.2018 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Gwalior Bench) in Writ Petition No. 843 of 2012, reported in 2018 (2) MPLJ 705

•

160. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Order 41 Rule 23A and Order 27 Rule 5B

(i) Appeal – Remand of case – When called for? Held, where the appellate court is of the view that the appellant has not proved his case by examining a particular witness or by producing certain document – Then, he should be given an opportunity to adduce proper evidence in his favour – Instead of dismissing appeal, case should be remanded to the trial court by taking recourse to the powers under Order 41 Rule 23A CPC.

(ii) Suits against Government – Duty of Court – To make every endeavour to assist parties in arriving at a settlement.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 - आदेश 41 नियम 23क एवं आदेश 27 नियम 5ख

(i) अपील - प्रकरण का प्रतिप्रेषण - कब किया जाना चाहिये? अभिनिर्धारित कि, जहां अपीलीय न्यायालय का यह मत है कि अपीलीर्थी ने अपना वाद किसी विशिष्ट साक्षी की परीक्षा न कराने अथवा कोई विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण प्रमाणित नहीं किया है - वहां, उसे अपने पक्ष में उचित साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिये - ऐसे मामलों में अपील खारिज करने की अपेक्षा, सि.प्र.सं. के आदेश 41 नियम 23क का सहारा लेकर प्रकरण विचारण न्यायालय को प्रतिप्रेषित किया जाना चाहिये।

(ii) राज्य के विरुद्ध वाद - न्यायालय का कर्तव्य - पक्षकारों को समझौते पर लाने के लिये सहायता करने का हर संभव प्रयास करना चाहिये।

Mohan Kumar v. State of Madhya Pradesh and ors.

Judgment dated 07.03.2017 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 1412 of 2008, reported in 2018 (II) MPJR 324 (SC)

Relevant extracts from the judgment:

The need to remand the case is called for because we find that the High Court while dismissing the appellant's first appeal recorded a finding that since the appellant (plaintiff) failed to prove his ownership over the suit land in asmuch as the plaintiff did not examine his vendor to prove his sale deed, the Trial Court was not justified in decreeing the appellant's suit and granting declaration of ownership in his favour in relation to the suit land. In other words, the High Court was of the view that it was obligatory upon the appellant (plaintiff) to prove his title by examining his vendor and since it was not done, the decree passed by the Trial Court in plaintiff's favour was not legally sustainable. This finding of the High Court, as mentioned above, resulted in dismissal of the appeal and the suit as well.

In our considered opinion, assuming that the High Court was right in its view, it should have given an opportunity to the appellant to prove his title by allowing him to adduce proper evidence in support of his case and for that, the High Court should have remanded the case to the Trial Court for retrial of the suit. It was more so because we find that the appellant suffered more damage to his case in prosecuting his own appeal. In the absence of any challenge laid by the defendants to the part of the decree passed in plaintiff's favour by the Trial Court, the appellate Court virtually passed the order in respondents' (defendants) favour in appellant's appeal.

In other words, the High Court having held that the plaintiff was not able to prove his title to the land in the suit due to non-examination of his vendor, all that the High Court, in such circumstances, should have done was to remand the case to the Trial Court by affording an opportunity to the appellant to prove his case (title to the land) and adduce proper evidence in addition to what he had already adduced. This, the High Court could do by taking recourse to powers under Order 41 Rule 23A of the CPC.

X X X

Before parting with the case, we consider it apposite to bring to the notice of Trial Court the provisions of Order 27 Rule 5B of the Code of Civil Procedure which reads as under.

> "*5B. Duty of Court in suits against the government or a public officer to assist in arriving at a settlement–*
>
> (1) In every suit or proceeding to which the government, or a public officer acting in his official capacity, is a party, it shall be the duty of the Court to make, in the first instance, every endeavour, where it is possible to do so consistently with the nature and circumstances of the case, to assist the parties in arriving at a settlement in respect of the subject matter of the suit.
>
> (2) If, in any such suit or proceedings, at any stage, it appears to the Court that there is a reasonable

possibility of a settlement between the parties, the Court may adjourn the proceeding for such period as it thinks fit, to enable attempts to be made to effect such a settlement.

(3) The power conferred under sub-rule (2) is in addition to any other power of the Court to adjourn proceedings."

Since we find that the case at hand is against the State Government and local bodies, it is the duty of the Court to make, in the first instance, every endeavor to assist the parties to settle in respect of subject matter of the suit and, if for any reason, settlement is not arrived at then proceed to decide the suit on merits in accordance with law.

•

161. CONTEMPT OF COURTS ACT, 1971 – Section 12
HINDU MARRIAGE ACT, 1955 – Section 9

(i) Civil contempt – Duty of court – Held, Court should decide whether the contemner has violated the directions issued by the Court? Without positive finding on such question, holding contemner guilty of contempt – Not proper.

(ii) Restitution of conjugal rights – Consent order – *Inter alia* contained a direction in form of decree for restitution of conjugal rights – Held, such a decree/order cannot be executed as much as the other spouse cannot be forced to resume the conjugal relations – Not obeying such orders have other consequences including right to seek divorce.

